# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# समाधान दिवस में 47 मामले आये 14 निस्तारित

**बड़हलगंज** (एसएनबी)। उपजिलाधिकारी गोला राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में बड़हलगंज थाने में आयोजित समाधान दिवस में कुल 11 मामले आये। जिसमें आठ राजस्व के तथा 3 पुलिस से सम्बंधित थे। जिसमें से मौके पर राजस्व के पांच मामलों का निस्तारण किया गया बाकी बचे मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस की टीमों को रवाना किया गया। इस अवसर पर कोतवाल मनोज राय, कानूनगो सुरेश सिंह, चौकी इंचार्ज अभय नारायण सिंह, एसआई राजवीर सिंह यादव, राजकपूर सिंह व लेखपाल मौजूद रहे।

**फुटहवा ईनार** प्रतिनिधि के अनुसार चौरी चौरा में आयोजित समाधान की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी चौरी चौरा अनुपम मिश्रा के समक्ष कुल आठ मामले आये, मौके से मात्र चार का ही निस्तारण हो सका। एसडीएम ने शेष मामलों की राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ



मौके पर जाकर मामले की जांच कर जल्द जल्द निस्तारण करने का आदेश दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी इकरार अहमद, एसएसआई मनोज कुमार यादव, जय प्रकाश यादव, विकास नाथ, वंश बहादुर, योगेश यादव, अजय कुमार, राजस्व कानूनगो मुकेश चौधरी, लेखपाल, जद्दू सिंह, शैलेश सिंह, नवनीत उपाध्याय, ओम प्रकाश, राकेश दुबे, दिनेश गुप्ता, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**बांसगांव** में स्थानीय थाने पर नायब तहसील दार चंदन शर्मा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ, जिसमें 16 मामले राजस्व से सम्बन्धित थे जिसमें 3 प्रकरण निस्तारित किये गये शेष संबंधित राजस्व विभाग के लोगों को सौंप दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बासगांव श्यामदेव, थाना प्रभारी राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह, एस एस आई नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज कौड़ीराम रतन पान्डेय, चौकी इंचार्ज हरनही मनीष कुमार यादव सहित अन्य राजस्वकर्मीउपस्थित रहे।

**हरपुर बुदहट** थाना परिसर हरपुर बुदहट में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उपनिरीक्षक उदयभान सिंह ने किया है। इस मौके पर कुल राजस्व से सम्बंधित दो मामले राजस्व से संबंधित आये जिसमे निस्तारण एक का भी नही हो पाया। इस मौके पर उपनिरीक्षक मनोज गुप्ता सहित राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। **कैम्पियरगंज** में स्थानीय थाना परिसर में तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ। समाधान दिवस में 9 मामले आये, जिसमें 2 मामले को तत्काल निस्तारित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, एसडी मिश्रा, अखिलेश, गुरविंदर, अनिल, नागेंद्र आदि राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गोरखपुर के 'नटवर लाल' की तलाश में देवरिया पुलिस

गोरखपुर (एसएनबी)। हेराफेरी कर कमाया धन कहीं ना कहीं दिख ही जाता है। गोरखपुर में ट्रेजरी विभाग में सालों पहले तैनात रहा चर्चित जगदीश लाल श्रीवास्तव अव देवरिया में वित्त एवं लेखाधिकारी वेसिक है। करोड़ों रुपये की हेराफेरी में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है लेकिन वह सपरिवार घर छोड़कर भागा हुआ है। वता दें कि उसने अपने भाइयों को नौकरी दिलवा दी है। नटवर लाल का वेटा करोड़ रुपये की गाड़ी से चलता है और नोयडा में उसने कंपनी तक खोल रखी है।

जेल रोड के पास स्थित आवास विकास कालोनी शाहपुर में निवास करने वाला जगदीश घर छोड़कर भागा हुआ है। उसके कई मकान शाहपुर क्षेत्र में हैं। जगदीश लाल पहले गोरखपुर ही ट्रेजरी विभाग में तैनात रहा और इधर कुछ साल पूर्व व प्रमोशन करके देवरिया जनपद में वित्त एवं लेखाधिकारी वेसिक वन गया था। ट्रेजरी विभाग गोरखपुर में भी जव वह तैनात रहा तो कई तरह के आरोप लगे। वह हर वक्त चर्चा में रहता था। देवरिया जनपद में ड्यूटी करने के दौरान उसने कुछ शातिरों संग मिलकर कालेजों में नौकरी दिलाने लगा। वीच के दिनों में उसके द्वारा भर्ती किये गये शिक्षकों का एरियर और वेतन के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई। देवरिया में छह साल पहले तैनात रहे डीआईओएस का फर्जी हस्ताक्षर वनाकर उसने दर्जनभर से अधिक की नियुक्ति अलग-अलग कालेजों में करवा दी। इसके वाद एरियर और वेतन के नाम पर करोड़ों रुपये निकलवाया। सूत्रों की मानें तो डीआईओएस जो सिद्धार्थनगर जनपद में हैं वे पहले देवरिया में तैनात थे। उनको इस तरह के गोरखधंधे की भनक लगी तव उनके द्वारा एडीजी एसटीएफ को पत्र लिखा। फिर इसकी जांच गोरखपुर एसटीएफ प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह को सौंपी गयी फिर तो पूरा मामला प्याज के छिलके की तरह उतरता चला गया। जानकार वताते हैं कि वित्त एवं लेखाधिकारी वेसिक देवरिया जगदीश ने कुछ कालेजों के प्रवंधकों से मुलाकात की और उनसे सेटिंग करके वैक डेट में नियुक्ति करवा दी। नियुक्ति और वेतन तथा एरियर का पूरा कमान इसके ही हाथ में रहता था जिसके चलते नया वीएसए कुछ जान ही नहीं पाता था। आश्चर्य की वात तो यह है कि वर्ष 2010-011 का डिस्पैच रजिस्टर भी गायव है। ढाई दर्जन से अधिक नियुक्तियां नटवर लाल द्वारा कालेजों में करवायी गयी हैं। अपने भाइयों तक की नियुक्ति भी उसने करवा दी है। इस पूरे खेल में शामिल रहे पांच शातिर तो गिरफ्त में आ चुके हैं लेकिन अभी नटवर लाल समेत दर्जनों फरार चल रहे हैं। वता दें कि देवरिया कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। इसकी जांच सीओ सिटी देवरिया खुद कर रहे हैं। उनके द्वारा गठित एसआईटी में एसटीएफ प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह को भी सदस्य वनाया गया है। टीम नटवर लाल की तलाश में छापेमारी कर रही है।

> वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक देवरिया के पद पर कार्यरत जगदीश लाल श्रीवास्तव सपरिवार घर छोड़कर भागा
>
> अपने दो भाइयों को भी लगा दिया था नटवर लाल ने शिक्षा विभाग में
>
> करोड़ों रुपये की हेराफेरी के मामले में है जगदीश लाल के खिलाफ देवरिया में मुकदमा
>
> नटवर लाल का बेटा चलता है करोड़ रुपये की महंगी कार से हालांकि वह चलाता है नोयडा में कंपनी

**नटवर लाल धराया तो उठेगा परदा :** यह माना जा रहा है कि गोरखपुर का नटवर लाल जगदीश अगर पकड़ा जाएगा तो इस पूरे प्रकरण से परदा उठेगा। कई कालेज के प्रवंधक तक शिकंजे में फंसेंगे। फिलहाल नटवर लाल सपरिवार घर छोड़कर भागा हुआ है। उसके कई मकानों में ताला वंद है। पुलिस की पैनी नजर इन मकानों पर है।

# लोगों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराएं : सीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की फरियाद सुनी। जनता दर्शन में गोरखपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीव 200 फरियादी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वारी-वारी से लोगों की समस्याएं सुनीं। मौके पर मौजूद अफसरों को तुरंत कार्यवाही का निर्देश दिया।

जनता दर्शन कार्यक्रम में अधिकांश मामले जमीनी विवाद और पुलिस से जुड़े थे। गंभीर वीमारियों का पैसों के अभाव में इलाज नहीं हो पाने के आधा दर्जन मामले आए। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए फरियादियों को अस्पताल से इलाज का इस्टिमेट वनवाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि रुपयों के अभाव में किसी भी गरीव का इलाज नहीं रुकेगा। ऐसे सभी गरीवों का इलाज सरकार की ओर से कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्या सुनते हुए उन्हें इसके समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि हर मामले का निपटारा सही तरीके से होना चाहिए।

मुख्यमंत्री की सुवह की दिनचर्या आम दिनों की तरह थी। सुवह उन्होंने सवसे पहले नाथ पंथ के आदि गुरु गोरक्षनाथ के दरवार में हाजिरी लगाई। अपने गुरु व्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के क्रम में मुख्यमंत्री हमेशा की तरह गोशाला गए। करीव आधा घंटा गायों के वीच गुजारा। इस दौरान उन्होंने गायों को चना और गुड़ खिलाया।



गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार के दौरान लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ।

# दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

सोनबरसा (एसएनबी)। चौरी चौरा थाने के रामपुर वुजुर्ग में फोरलेन क्रासिंग के पास वाहन चेकिंग के दौरान कार में दो किलो गाजा वरामद की है।

जानकारी के मुताविक एसएसपी दिनेश कुमार पी के निर्देश पर सोनवरसा चौकी प्रभारी मदनमोहन मिश्र पुलिसकर्मियों के साथ वाहन चेकिंग के दौरान कार रोककर जांच की गया तो कार में सवार एक युवक के पास दो किलो गाजा मिला। साथ ही डेढ़ सौ रुपये भी वरामद की है। वताया जाता है कि रामपुर वुजुर्ग मे फोरलेन क्रासिंग पर शनिवार को सुवह मुखविर की सूचना पर एक युवक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी में मादक पदार्थ रखकर कुशीनगर की तरफ जाने के फिराक मे था।सोनवरसा चौकीप्रभारी अपने हमराहियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे।तभी कसया की तरफ जा रही एक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी नम्वर एच आर32के 7837 को वैरीकेट लगाकर चेक किया गया। गाड़ी में रखा दो किलो गाजा व पैन्ट की वायी जेव मे एक सौ की एक नोट और पच्चास की एक नोट कुल डेढ़ सौ रुपये के साथ वड़हलगंज थाना क्षेत्र के सरया महुलियाँ निवासी संतोप यादव उर्फ वजरंगी यादव पुत्र रामदुलारे यादव के विरुद्ध मुकदमा संख्या 262/2021धारा 8/20एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया।

**सोनबरसा में चेकिंग के दौरान कार सवार के पास मिला गाजा**

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

ककरही (एसएनबी)। गोला पुलिस ने उरुवा थाना क्षेत्र के प्रतापीपुर निवासी वांछित गिरोह वन्द एक अभियुक्त को पकड़ कर आज जेल भेज दिया। उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापीपुर निवासी मनीष यादव पुत्र रामराज यादव जो वर्तमान समय में गोला थाना के वांह पुर में रह रहे थे। वह धारा 3 (1) गिरोह वन्द जमाज विरोधी क्रिया कलाप में संलिप्त थे। फरार चल रहे थे। कई गंभीर मुकदमा दर्ज था। गोला पुलिस ने शनिवार की सुवह ८रू05 वजे साईं जोत से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजेश यादव, हेड कांस्टेविल शैलेश सिंह, आशुतोष कुमार आदि लोग शामिल रहे।

Hindustan5.webp Hindustan4.webp

# दो किलो गांजा के साथ युवक को दबोचा

**सोनबरसा/चौरीचौरा।** चौरीचौरा के रामपुर बुजुर्ग फोरलेन क्रॉसिंग पर शनिवार को सोनबरसा चौकी प्रभारी मदन मोहन मिश्र व उनकी टीम ने एक युवक को दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। मुखबिर से सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान हरियाणा नम्बर की सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी को रामपुर बुजुर्ग में बैरिकेड पर पुलिस ने रोका। बड़हलगंज क्षेत्र के सरया महुलियां निवासी संतोष यादव उर्फ बजरंगी यादव पुत्र रामदुलारे यादव के पास से दो किलो गांजा व डेढ़ सौ नगदी बरामद किया।

Hindustan3.webp

# मां और बेटी को पीआरवी ने बचाया

**चिलुआताल।** चिलुआताल क्षेत्र के रामपुर चक में रोहिन नदी पर बने पक्के पुल से महिला अपनी पुत्री सहित नदी में कूद जान देने का प्रयास कर ही रही थी। इस पर आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने उनकी जान बचा ली।

मिली जानकारी के अनुसार रामपुर चक निवासी राम सिंह की पत्नी उर्मिला देवी परिवार में कहासुनी होने पर बेटी को लेकर शनिवार सुबह तकरीबन 11 बजे रामपुर पुल से रोहिन नदी में कूदकर जान देने पहुंच गई। महिला अपनी साड़ी और बेटी के सूट को एक साथ बांध कर नदी में कूदने की तैयारी में जुट गई।उन्होंने उधर से गुजर रही पीआरवी 329 को इसकी जानकारी दी। इस पर पीआरवी के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंच उनको पकड़ लिए। महिला ने बताया कि उसके पति शराब पीने के आदी हैं, वह आए दिन नशे में उनसे और बच्चों को मारते-पीटते हैं।

## दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**मुंडेरा बाजार** : चौरीचौरा पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग के पास फोरलेन से संतोष यादव उर्फ बजरंगी को दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार युवक शातिर किस्म का बदमाश है। उसके विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपित संतोष यादव, बड़हलगंज क्षेत्र के सरया महुलिया गांव का रहने वाला है। चौरीचौरा पुलिस को सुबह सूचना मिली कि गांजे की खेप लेकर क्रेटा कार से कुशीनगर से गोरखपुर की तरफ जा रहा था। रामपुर गांव के पास गोरखपुर-कुशीनगर मार्ग पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसकी कार रोक ली। कार की तलाशी लेने पर दो किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसकी कार जब्त कर ली है। मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## युवक के हत्यारोपित को पुलिस ने दबोचा

**गोरखपुर** : युवक की पीटकर हत्या करने वाले आरोपित को रामगढ़ताल पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक जेएन सिंह ने बताया कि 20 जुलाई की रात में गायघाट बुजुर्ग गांव में झंगहा के राजी जगदीशपुर बरहवा टोला निवासी प्रदीप निषाद उर्फ लौहर की पीटकर हत्या कर दी गई। शनिवार की सुबह आरोपित देवा निषाद को जेमिनी गार्डेनिया के पास गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल डंडा बरामद हुआ।

## एक नजर में

### धर्म परिवर्तन करा शादी करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर** : महिला का धर्म परिवर्तन कराकर शादी करने और छेड़खानी करने के आरोपित को रामगढ़ताल पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। महिला ने राजघाट के गीता प्रेस रोड निवासी अमीरुल हक उर्फ अनवारुल के खिलाफ छेड़खानी, जालसाजी, धमकी देने और धर्म परिवर्तन अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया था। (जासं)

### सरिया चुरा रहे दो गिरफ्तार

**गोरखपुर** :शाहपुर के कौआबाग चौकी प्रभारी ने शनिवार को बाइक से सरिया चुराकर भाग रहे डेयरी कालोनी के प्रिंस मुखर्जी और अमन कुमार को पकड़ा। चोरी का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने करीब तीन क्विंटल सरिया चुराने की बात स्वीकारी। (जासं)

### महिला को पीआवी ने बचाया

**चिलुआताल** : रामपुर चक गांव में रोहिन नदी पर बने पक्के पुल से बेटी के साथ नदी में कूदने जा रही महिला को पीआरवी ने बताया। पति से विवाद होने के बाद वह जान देने पहुंची थी। (जासं)

# हफ्ते में एक दिन बीपीओ लगाएंगे चौपाल

## एडीजी जोन अखिल कुमार ने प्रचार- प्रसार के लिए जारी किया क्रिएटिव रिलीज

**जागरण संवाददाता,गोरखपुर:** बीट पुलिस आफिसर (बीपीओ) गांव में चौपाल लगाकर समस्या का समाधान करेंगे। व्यवस्था के प्रचार-प्रसार के लिए शुक्रवार को एडीजी जोन अखिल कुमार ने क्रिएटिव रिलीज जारी किया। सभी गांवों में सार्वजनिक स्थान पर पोस्टर लगेगा जिस पर बीपीओ का नाम और मोबाइल नंबर होगा। गांव के प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व पूर्व प्रधान के साथ समन्वय बनाकर यह लोग समस्या का समाधान करेंगे। सभी बीपीओ को पिस्टल दिया गया है।



एडीजी अखिल कुमार फाइल फोटो

एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर सभी गांव में बीट पुलिस अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। जो गांव से संबंधित प्रार्थना-पत्र की जांच, सम्मन तामील के साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए सूचना संकलित करेंगे।

गांव में जनता के साथ एक दिन चौपाल लगाएंगे, जिसमें समस्या पर चर्चा होगी। संवाद करने के लिए वाट्सएप ग्रुप भी बनाया जाएगा। एडीजी ने शुक्रवार को बीट पुलिस अफसर का क्रिएटिव रिलीज जारी किया जिसे सभी थाना व पुलिस चौकी में लगाया जाएगा। एडीजी ने बताया कि बीट में पुरुष के साथ ही महिला सिपाहियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। ये पुलिस कर्मी अपने क्षेत्र के वर्तमान व पूर्व ग्राम प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य व सभ्रांत लोगों के संपर्क में रहेंगे। उनके जरिए इलाके की हर छोटी-बड़ी गतिविधि की जानकारी ली जाएगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की महिला स्वयं सहायता समूहों व अन्य सामाजिक संगठनों से भी बेहतर सरोकार बनाकर कार्य किया जाएगा। इससे पुलिस की छवि को भी सुधारने में मदद मिलेगी।

## जालसाजी से बचने को आधार पर लगा लें बायोमीट्रिक लाक

**गोरखपुर:** आनलाइन फ्राड से बचने के लिए अपने आधार कार्ड पर बायोमीट्रिक लाक लगा लें। खाते से रकम उड़ाने वाले गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। थानेदार व चौकी प्रभारियों से कहा गया है कि डिजिटल वालंटियर ग्रुप में इसका प्रचार-प्रसार करें। बीट पुलिस आफिसर (बीपीओ)भी लोगों को इसकी जानकारी देंगे।



एसएसपी दिनेश कुमार पी फाइल फोटो

एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि आधार बायोमीट्रिक का गलत इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। कुछ सावधानियां बरत इससे बचा जा सकता है। बायोमीट्रिक लाक हो जाने के बाद कोई भी दूसरा शख्स आपके आधार कार्ड का उपयोग नहीं कर सकेगा। आधार कार्ड धारक जरूरत होने पर आसानी से आधार कार्ड को अनलाक कर सकता है।

**200 रुपये में बना जाता है अंगूठे का क्लोन :** शहर में कई ऐसी दुकानें हैं जहां 200 रुपये में अंगूठे का क्लोन बन जाता है। शुक्रवार को पकड़े गए गिरोह के दो सदस्य भी जिला परिषद रोड पर दुकान चलाते थे। उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि शहर में कई अन्य दुकानदार भी यह कार्य करते हैं,जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**साइबर सेल व क्राइम ब्रांच ने पकड़ा था गिरोह :** साइबर सेल व क्राइम ब्रांच की टीम ने शुक्रवार को अंगूठे का क्लोन बनाकर खाते से रुपये निकालने वाले गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। भूलेख वेबसाइट की मदद से रजिस्ट्री कराने वालों के अंगूठे का क्लोन तैयार कर यह गिरोह खाते से रुपये निकाल लेता था। रुपये उनके खाते से ही निकले जिनका आधार कार्ड बायोमीट्रिक लाक नहीं था।

### सलाह

- एसएसपी ने कहा कुछ सावधानी बरतकर बच सकते हैं ठगी से
- थाना, चौकी प्रभारी के साथ ही बीपीओ करेंगे जागरूक

### ऐसे बायोमीट्रिक लाक करें आधार कार्ड

- अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से एम आधार एप डाउनलोड करें।
- इसके बाद आपके सामने एक इंटरफेस खुलेगा जिसमें अपना आधार कार्ड रजिस्टर करना होगा।
- इसके बाद आपको चार अंकों का पासवर्ड बनाने का इंटरफेस दिखेगा।
- पासवर्ड बनाने के बाद अपना आधार कार्ड नंबर दर्ज प्रोफाइल बना लें।
- प्रोफाइल बनने के बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा।
- ओटीपी को वेरिफाइ करने पर प्रोफाइल बनकर तैयार हो जाएगी।
- प्रोफाइल बनने पर बायोमीट्रिक लाक का इंटरफेस ओपन होगा।
- बायोमीट्रिक लाक पर क्लिक करने के बाद मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा।
- ओटीपी दर्ज करने के बाद आपका आधार कार्ड बायोमीट्रिक लाक हो जाएगा।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ी गई कोरोना जांच की दो फर्जी रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, गोरखपुरः** कैंट थाना क्षेत्र के बेतियाहाता स्थित रविश पैथालाजी के पैड का इस्तेमाल कर दो दिन में कोरोना की आरटीपीसीआर जांच की दो फर्जी रिपोर्ट जारी की गई। लखनऊ एयरपोर्ट पर जांच में दोनों रिपोर्ट फर्जी मिली तो अथारिटी ने इसकी सूचना पैथालाजी के संचालक डा. अभिषेक मालवीय को दी। डा. अभिषेक ने कैंट थाने में अज्ञात जालसाज के खिलाफ एफआइआर दर्ज करा दी है।

उन्होंने बताया कि 16 जून को दुर्गेश कुमार की आरटीपीसीआर जांच की रिपोर्ट जारी की गई थी। इस रिपोर्ट में छेड़छाड़ कर इस पर नाम चंदन राजभर और रिपोर्ट जारी करने की तिथि 22 जुलाई कर दी गई। दूसरी रिपोर्ट 11 जुलाई को पंकज कुमार मिश्र के नाम से जारी की गई थी। इस रिपोर्ट को बदलकर नाम लालू प्रसाद शाह कर दिया गया। रिपोर्ट की तिथि भी 23 जुलाई कर दी गई। लखनऊ एयरपोर्ट पर दोनों यात्रियों की कोरोना जांच रिपोर्ट को चेक करते समय सुरक्षाकर्मियों ने क्यूआर कोड स्कैन किया तो रिपोर्ट पर नाम दूसरे व्यक्ति का देखकर वह चौंक गए। उन्होंने रिपोर्ट में लिखे लैब के नंबर पर संपर्क किया और जारी रिपोर्ट की तहकीकात शुरू की। रविश पैथालाजी के संचालक ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि रिपोर्ट उन्हीं की लैब से जारी की गई है, लेकिन दोनों पर नाम और तिथि बदल दी गई है। डा. अभिषेक ने बताया कि मामले में कैंट पुलिस ने धारा 420 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

**रिपोर्ट पर होता है क्यूआर कोडः** इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) के निर्देश पर आरटीपीसीआर जांच करने वाली लैब को पंजीकरण नंबर दिया जाता है। आइसीएमआर के पोर्टल और प्रदेश सरकार के पोर्टल पर इन लैब का नंबर अलग-अलग दर्ज रहता है। रिपोर्ट पर ही क्यूआर कोड भी देना होता है। इसी कोड के आधार पर सुरक्षाकर्मी एयरपोर्ट पर रिपोर्ट की जांच करते हैं।

# पति समेत पांच पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस

**गोरखपुरः** रामगढ़ताल पुलिस ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी और उसकी परिचित महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जहर खाकर जान देने वाली महिला की बड़ी बेटी ने देर रात थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। बेटी पल्लव ने रामगढ़ताल थाने में दी तहरीर में लिखा है कि उसके पिता राम पलट यादव ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। जिनका संबंध भीटी खोरिया गांव की रहने वाली मदाकिनी पांडेय से है। इस वजह से तीन माह पहले पिता ने हम लोगों को घर से निकाल दिया। जिसके बाद मां मंजू देवी के साथ भाई व बहन भगत चौराहा के पास किराए पर रहते थे।

# उरुवा से जीप चुराने वाला महुली में पकड़ा गया

**जासं, संतकबीर नगर :** गोरखपुर जिले के उरुवा बाजार स्थित एक पेट्रोल पंप से तीन दिन पूर्व कमांडर जीप चोरी हो गई थी। खोजबीन कर रहे वाहन स्वामी ने जीप को चोर के साथ महुली क्षेत्र के नाथनगर चौराहे से पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची महुली पुलिस ने जीप को कब्जे में लेने के साथ ही चोर को हिरासत में ले लिया।

गोरखपुर जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम मरचा गांव निवासी पप्पू कन्नौजिया तीन दिन पूर्व कमांडर जीप को उरुवा पेट्रोल पंप पर खड़ी कर घर चले गए थे। अगले दिन जीप गायब मिली थी। काफी तलाश के बाद गाड़ी नहीं मिली तो उन्होंने मुकदमा दर्ज करवाया। वह जब पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो पता चला कि घटना के दिन से ही वहां एक मोटरसाइकिल खड़ी है। इसके बारे में पता चला कि यह मोटरसाइकिल महुली थाना क्षेत्र के जगदीशपुर शुक्लैनिया से चोरी की गई थी।

# सीएम योगी ने गुरु चरणों में नवाया शीश, शिष्यों को आशीर्वचन

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में अपने गुरुजनों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सुबह पांच बजे नाथ पंथ के आदि गुरु गोरक्षनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई और महारोट का विशेष प्रसाद चढ़ाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न की। आधे घंटे की नाथ पूजा के बाद मुख्यमंत्री बारी-बारी से परिसर में मौजूद सभी देव-विग्रहों के दरबार में पहुंचे और उनकी भी आराधना की। अंत में बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर पूजा-अर्चना की। अनुष्ठान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री की अगुवाई में गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत महाआरती कर सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई।

गुरु पूजा के बाद महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री योगी ने बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर अपने शिष्यों को आशीर्वचन दिया। भजन-कीर्तन के बाद सहभोज का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के गणमान्य के साथ आमजन ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री रमापति शास्त्री, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डा.धर्मेंद्र सिंह, विधायक संगीता यादव, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रमेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विश्वजीतांशु सिंह आशू, डा.सत्येंद्र सिन्हा, बच्चा पांडेय नवीन, ब्रजेश मणि मिश्र, पुष्पदंत जैन, धीरज सिंह हरीश आदि के अलावा नाथ पंथ के योगी और गृहस्थ भक्त मौजूद रहे।

## आस्था

- गोरखनाथ मंदिर में हुआ परंपरागत गुरु पूर्णिमा पूजा का आयोजन
- शिष्यों और भक्तों को मिला गोरक्षपीठाधीश्वर का आशीर्वचन
- सहभोज का आयोजन हुआ, सबने ग्रहण किया मंदिर का प्रसाद

## कोविड प्रोटोकाल का पालन, नहीं हुआ तिलक कार्यक्रम

आयोजन में कोविड प्रोटोकाल के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरती गई। गुरु पूर्णिमा पर परंपरागत रूप से होने वाला तिलक कार्यक्रम इस वर्ष नहीं किया गया। इसमें शिष्य और भक्त गोरक्षपीठाधीश्वर को तिलक लगाकर आशीर्वाद लेते हैं। सुरक्षाकर्मी और मंदिर प्रबंधन सभी को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करते दिखे। मुख्यमंत्री ने आशीर्वचन में भी तीसरी लहर से बचने के लिए सतर्कता बरतने और टीका लगवाने की अपील।



जनता दर्शन में समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ.गोरखनाथ मंदिर

हुई। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में नागरिकों के योगदान की भी सराहना की। कहा कि जिस अनुशासन का पालन नागरिकों ने किया, वह अभिनंदनीय है।

गुरु पूर्णिमा देता है गुरु के प्रति आस्था व्यक्त करने का अवसर : गुरु पूर्णिमा पर्व के महत्व की चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि भारतीय मनीषा में माता, पिता, आचार्य, बड़ा भाई और गुरु पांच प्रकार के गुरुओं की मान्यता है। इन गुरुओं का जीवन में हमें किसी न किसी रूप में मार्गदर्शन हासिल होता है। गुरु पूर्णिमा हमें उनके प्रति आस्था व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वेद व्यास जी ने 5000 वर्ष पूर्व वेदों की रचना की थी, इसीलिए उनकी जयंती को ही हम बीते 5000 वर्ष से गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते आ रहे हैं।

# महिला की खुदकुशी में पति समेत पांच पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** प्रताड़ना का आरोप लगाने वाला वीडियो बनाकर खुदकुशी करने वाली मंजू (55) के पति रामपलट यादव और उनकी महिला मित्र समेत पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार को पिपरौली ब्लॉक के सेक्रेटरी और महिला के पति रामपलट को हिरासत में ले लिया। अन्य आरोपितों मंदाकिनी पांडेय, अमरीश पांडेय, रघुवंश त्रिपाठी, और जैसमिन पांडेय की तलाश पुलिस कर रही है।

रामगढ़ताल थाने में बेटी ने तहरीर देकर बताया है कि उनके पिता और पिपरौली ब्लॉक के सेक्रेटरी रामपलट यादव का भीटी खोरिया की मंदाकिनी पांडेय से संबंध है। इस वजह से तीन महीने पहले पिता ने हम लोगों को घर से निकाल दिया। इसके बाद हम लोग तारामंडल में रहने लगे। मंदाकिनी अपने अन्य सहयोगियों के साथ रोजाना ही फोन कर मां को जानमाल की धमकी दे रहीं थीं। बृहस्पतिवार रात 12 बजे पिता रामपलट यादव और मंदाकिनी ने फोन करके मां मंजू को अपशब्द कहे। शुक्रवार शाम उन्होंने मुझसे मोबाइल लिया और कमरे में आपबीती का वीडियो बनाया। इसके बाद वह घर से निकल गईं। शाम को छोटे भाई के पास फोन आया कि वह अचेत हालत में कचहरी के पास सड़क किनारे पड़ी हुई हैं। सूचना पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी मौत हो गई।

## रामगढ़ताल पुलिस ने केस दर्ज कर सेक्रेटरी पति को लिया हिरासत में

महिला ने मौत से पहले एक वीडियो वायरल किया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। - **दिनेश कुमार प्रभु**, एसएसपी

# युवक की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल इलाके के गायघाट में प्रेमिका को छोड़ने आए लोहार निषाद की हत्या के मामले में आरोपित देवा निषाद को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 19 जुलाई की रात लोहार अपनी प्रेमिका को लेकर कहीं चला गया था और 20 जुलाई की भोर में उसे छोड़ने के लिए घर पहुंचा था। इसकी जानकारी होने के बाद लड़की के घरवाले पहले से घात लगाए बैठे थे और लोहार के आते ही लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में थी, शनिवार को एक को गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो

# गांजा के साथ कार चालक पकड़ा गया

**चौरीचौरा।** पुलिस ने शनिवार सुबह चार बजे गोरखपुर-कुशीनगर फोरलेन पर ग्राम रामपुर बुजुर्ग के निकट कार चालक थाना बड़हलगंज के ग्राम सरया महुलिया निवासी संतोष यादव ऊर्फ बजरंगी को दो किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। सोनबरसा बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज मदन मोहन मिश्र ने यह जानकारी दी। ब्यूरो

# महिला की खुदकुशी में पति समेत पांच पर केस

**गोरखपुर।** प्रताड़ना का आरोप लगाने वाला वीडियो बनाकर खुदकुशी करने वाली मंजू (55) के पति रामपलट यादव और उनकी महिला मित्र समेत पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार को पिपरौली ब्लॉक के सेक्रेटरी और महिला के पति रामपलट को हिरासत में ले लिया। अन्य आरोपितों मंदाकिनी पांडेय, अमरीश पांडेय, रघुवंश त्रिपाठी, और जैसमिन पांडेय की तलाश पुलिस कर रही है।

रामगढ़ताल थाने में बेटी ने तहरीर देकर बताया है कि उनके पिता और पिपरौली ब्लॉक के सेक्रेटरी रामपलट यादव का भीटी खोरिया की मंदाकिनी पांडेय से संबंध है। इस वजह से तीन महीने पहले पिता ने हम लोगों को घर से निकाल दिया। इसके बाद हम लोग तारामंडल में रहने लगे। मंदाकिनी अपने अन्य सहयोगियों के साथ रोजाना ही फोन कर मां को जानमाल की धमकी दे रहीं थीं। बृहस्पतिवार की रात 12 बजे पिता रामपलट यादव और मंदाकिनी ने फोन करके मां मंजू को अपशब्द कहे। इससे वह काफी आहत थीं। शुक्रवार की शाम को उन्होंने मुझसे मोबाइल लिया और अकेले कमरे में अपनी आपबीती का वीडियो बनाया। इसके बाद वह घर से निकल गईं। शाम को छोटे भाई के पास फोन आया कि वह अचेत हालत में कचहरी के पास सड़क किनारे पड़ी हुई हैं। सूचना पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाने के बाद एसएसपी ने केस दर्ज कर जांच का आदेश दिया था।

**पिपरौली ब्लॉक के सेक्रेटरी, महिला मित्र समेत पांच पर खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा**

> “ महिला ने मौत से पहले एक वीडियो वायरल किया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- दिनेश कुमार प्रभु**, एसएसपी

# घरवालों के मुकदमा कराने पर दी थी वीडियो वायरल करके प्रेम की गवाही

## 2020 में अनीश के साथ चली गईं थीं दीप्ति, पिता ने दर्ज कराया था अपहरण का केस

**गोरखपुर।** विधिवत शादी के पहले अनीश के खिलाफ दीप्ति के अपहरण का मामला भी दर्ज हुआ था, तब दोनों ने सोशल मीडिया पर आपस में प्रेम करने और कोर्ट मैरिज करने का वीडियो वायरल करके पुलिस और दुनिया के सामने अपना पक्ष रखा था। इसकी जानकारी होने के बाद पुलिस ने मामले को खत्म कर दिया था और फिर दोनों ने लौटने के बाद तीन महीने पहले धूमधाम से शादी की थी।

करीब तीन साल से जिस प्रेम कहानी की चर्चा पूरे इलाके में थी, शनिवार को उसका दुखद अंत हो गया। काफी पापड़ बेलने के बाद ही तीन महीने पहले दीप्ति और अनीश एक-दूसरे के हो पाए थे। 2020 में दोनों घर से चले गए गए थे तब दीप्ति के घरवालों ने अपहरण का केस दर्ज कराया था।

जानकारी के मुताबिक, कौड़ीराम ब्लॉक में दोनों की तैनाती एक साथ तीन साल पहले थी। इसी दौरान दोनों में प्रेम हो गया था और फिर दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। दीप्ति मिश्रा के घरवालों ने इसका विरोध भी किया और जब दोनों पक्ष तैयार नहीं हो रहे थे तब अनीश अपनी प्रेमिका (अब पत्नी) को लेकर भाग निकले। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का केस भी दर्ज किया था। इसके बाद धूमधाम से हुई शादी में दोनों ही पक्ष के रिश्तेदार भी शामिल हुए थे।



**तीन महीने में ही उजड़ गया सुहाग** दीप्ति मिश्रा और अनीश ने परिवार व समाज का विरोध कर एक-दूसरे का साथ पाया था। अभी तीन महीने पहले ही दोनों साथ हो पाए थे और इतने में ही सुहाग उजड़ गया। दीप्ति की समझ नहीं आ रहा है कि अब वह क्या करें?

### *मेरे पति को जिसने मारा उसे ले आओ, मैं दूंगी सजा*

*गोला में सेक्रेटरी अनीश चौधरी की हत्या के बाद बेहाल हुई पत्नी दीप्ति मिश्रा के गुस्से का पुलिस भी सामना नहीं कर पा रही थी। दीप्ति बोलीं, मेरे पति को मत छूना, उन्हें वापस लाओ। फिर अगले ही पल उन्होंने यह भी कहा कि हत्यारों को लेकर आए हैं? उन्हें मैं अपने हाथों से सजा दूंगी। दीप्ति की दिल को चीर देने वाली बातों का जवाब कोई नहीं दे पा रहा था। एसपी साउथ भी नहीं। वह किसी तरह से उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे। बोलते-बोलते दीप्ति बेसुध हो जा रहीं थीं, किसी तरह से समझाकर उन्हें संभाला जा रहा था।*

### अनीश के भाई ने प्रेम विवाह को बताया हत्या की वजह

**मृतक** के भाई पूर्व ग्राम प्रधान अनिल ने बताया कि मेरे भाई ने तीन महीने पहले प्रेम विवाह किया था। पत्नी भी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं। शादी से लड़की पक्ष के लोग नाराज थे, आरोप लगाया कि हत्या उन्हीं लोगों के द्वारा की गई है। वहीं अनीश की पत्नी ने भी अपने मायके पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

### ये नौबत भी आई थी, कराया था शोषण का केस

**प्रेम** प्रसंग के दौरान एक बार दीप्ति ने अनीश के खिलाफ शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए गगहा थाने में केस भी दर्ज कराया था। अनीश ने बातचीत के जरिए मामला सुलझा लिया था। हालांकि, बाद में साफ हुआ था कि दीप्ति ने यह सब अपने परिजनों के कहने पर किया था।

### *वायरल हो रहा वीडियो*

***गोरखपुर।** अपहरण का आरोप लगने के बाद अनीश व दिप्ती ने एक के बाद एक कई वीडियो जारी कर खुद को साथ-साथ बताते हुए प्रेम विवाह की बात बताई थी। अनीश की हत्या के शनिवार को बाद ये वीडियो दिनभर सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे।*



मर्चरी पहुंचकर एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने जानकारी ली।



गोला में हत्या के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह पीड़ित परिवार से बात करते हुए।



अनीश की हत्या के बाद जिला हॉस्पिटल स्थित मर्चरी के पास पहुंचे डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर व अन्य।

## अधिकारियों ने भी ली घटना की जानकारी

**गोरखपुर।** घटना की सूचना मिलते ही एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा है कि हत्यारों पर एनएसए के तहत कार्रवाई होगी।

पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए सभी पहलुओं को खंगाल रही है। सीडीओ इंद्रजीत सिंह व एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

अफसरों ने पीड़ित परिजनों से बात की और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिला पंचायती राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने भी पीड़ित परिजनों से बात की है। घटना की जानकारी होने के बाद अनीश की पत्नी दीप्ति बेसुध हो गईं थीं।

### सीसीटीवी फुटेज जांच रही पुलिस

कोतवाल सुबोध कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। हत्या में इस्तेमाल एक धारदार हथियार मौके से व दूसरा पास की झाड़ी से बरामद हुआ है। जल्द ही घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



जिला हॉस्पिटल स्थित मर्चरी के पास बैठे परिजन।

### हमलावरों ने सिर और गर्दन पर किए वार

**गोरखपुर।** हमलावरों ने अपने हाथ में धारदार हथियार (दाव) लिया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने धारदार हथियार से अनीश के सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए और भाग निकले। चौराहे पर दिनदहाड़े हुई घटना से हर कोई दहशत में आ गया और अनीश को बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। घायल अनीश सड़क पर गिरकर तड़प रहे थे। सूचना पर आई पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में अनीश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और चाचा को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पक्ष जानने के लिए दीप्ति के परिजनों की काफी तलाश की गई, मगर किसी से संपर्क नहीं हो सका। जब भी उनका पक्ष प्राप्त होगा, प्रकाशित किया जाएगा।


Govt. Recognised
+ पैरामेडिकल
UGC,MHRD भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय कोर्सेज में प्रवेश
DMLT BSc (MLT) MSc (MLT) BPT
RADIOLOGY DRIT/BRIT B.Sc.(Optometry) D.Pharma
CMS-ED, O.T. Tech., Ultrasound Tech., ANM, GNM
सम्पर्क करें :- Offline /Online Classes ☎ : 0551-2203245
IIEIT PARAMEDICAL INSTITUTE
Hariom Nagar (Gate No.-1) Civil Lines, Gorakhpur
M : 9936187530, 6306844774, 9415066633

# झंगहा में चाचा की हत्या में भतीजे समेत तीन नामजद

## हंगामे की आशंका में तैनात थी पीएसी, पुलिस की मौजूदगी में हुई अंत्येष्टि

अमर उजाला ब्यूरो

**ब्रह्मपुर (गोरखपुर)।** झंगहा इलाके के जमरू गांव में शुक्रवार को हरि नारायण यादव (55) की गला रेतकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

बेटे अमरनाथ की तहरीर पर पुलिस मृतक के भतीजे चंद्रकेश, शैलेश व देवरिया के एकौना के धर्मपुर गांव निवासी सुरेंद्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर तलाश में दबिश दे रही है। आरोप है कि चंद्रकेश ने दो दोस्तों के साथ मिलकर चाचा की जान ली थी। उधर, शनिवार को गांव में शव पहुंचने पर हंगामे की आशंका में पीएसी तैनात रही। पुलिस की मौजूदगी में गोर्रा नदी के तट पर हरि नारायण यादव का अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के मुताबिक, हरि नारायण यादव के भाई शंकर यादव की दो महीने पहले बीमारी से मौत हो गई थी। हरिनारायण झाड़ फूंक करते थे। इस वजह से शंकर के बेटे चंद्रकेश को शक था कि चाचा की ही झाड़ फूंक की वजह से पिता की मौत हुई। इस बात पर कई बार घर में विवाद हुआ था।

शुक्रवार की दोपहर में विवाद होने के बाद चंद्रकेश ने हरि नारायण की हत्या कर दी। हालांकि हरि नारायण के बेटे का कहना है कि चंद्रकेश ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों पर केस दर्ज कर लिया है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर केस दर्ज है। आरोपितों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



गोर्रा नदी के तट पर पुलिस की मौजूदगी में हुई अंत्योष्टि। -संवाद

DEORIYA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि: 25/7/21

# मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

देवरिया(एसएनबी)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद में निर्माणाधीन महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।




मेडिकल कॉलेज परिसर में पौध लगाकर पानी देते सीएम। फोटो : एसएनबी

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान एएनटीई रूम, हिस्टोलाजी लैब, ट्यूटर कक्ष, बायोकेमिस्ट्री लैब, लेक्चर रूम आदि का निरीक्षण किए। उन्होंने कार्यों पर सन्तोष जताते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर, फर्नीचर सहित अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति शीघ्रता से सुनिश्चित कर लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। कहा कि इसमें कही कोई कोताही नही होनी चाहिए। उन्होंने इसके उपरान्त अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों एवं संसाधनों, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की उपलब्धताओं की समीक्षा कार्यदायी संस्थाओं आदि के साथ किए और उन्हें भी आवश्यक निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज परिसर में उन्होंने वृक्षारोपण भी किया।



निरीक्षण करते सीएम योगी, सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी व अन्य और निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते सीएम। फोटो : एसएनबी

## मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर सीएम ने जतायी नाराजगी

इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पशुधन राज्यमंत्री जय प्रकाश निषाद, उद्यान राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्रीराम चौहान, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ.धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, सदर सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी, सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा, जिला भाजपाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, नगर पालिका परिषद देवरिया की अध्यक्ष अलका सिंह, डॉ. जितेंद्र प्रताप राव, गन्ना विकास उपाध्यक्ष नीरज शाही, सदर विधायक डॉ. सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी, विधायक सलेमपुर काली प्रसाद, रामपुर कारखाना विधायक प्रतिनिधि डा. संजीव शुक्ला, मण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी, जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. ए.एम. वर्मा, सीएमओ डा. आलोक पाण्डेय सहित उप जिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, कार्यदायी संस्थाओ के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान दि. 25/3/21

# सीएम की सुरक्षा में लगे थे सात सौ पुलिसकर्मी

**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहे। एसपी डॉक्टर श्रीपति मिश्र खुद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सीएम की सुरक्षा में जिले के सभी थानेदारों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में करीब सात सौ पुलिसकर्मी व तीन कंपनी पीएसी लगाई गई थी। जो पुलिस लाइन से लेकर मेडिकल कालेज, विकास भवन के साथ ही शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए थे।

क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी कार्यक्रम स्थल की कमान संभाले हुए थे। रुद्रपुर के सीओ हेलिपैड पर मुस्तैद थे। सीएफओ कारकेड की व्यवस्था संभाले हुए थे। भाटपाररानी सीओ मेडिकल कालेज पर मयफोर्स थे।

हिन्दुस्तान दि 25।7।19

# मोबाइल प्रयोग करने वाले छह को सुरक्षा बैरक में रखा

**जिला जेल**

**देवरिया | निज संवाददाता**

जिला कारागार में पिछले दिनों मोबाइल से बात करते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने की घटना को देखते हुए नवागत जेलर ने कड़ाई कर दी है। जिला कारागार में मोबाइल का उपयोग करने वाले छह बंदियों को सुरक्षा बैरक में रख कर उनकी निगरानी बढ़ा दिया है।

जिला कारागार के नवागत जेलर राजकुमार ने 14 जुलाई को जिला कारागार में कार्यभार ग्रहण किया था। जेल की कमान संभालने के बाद से ही जेलर ने बंदी रक्षकों को जेल में मोबाइल हर हाल में बंद कराने का निर्देष दिया। जेल के अंदर मोबाइल मिलने पर बंदियों को सुरक्षा बैरक में रखने का फरमान दिया। जेल मैनुअल के अनुसार ही बंदियों को सुविधा देने का निर्देश मातहतों को दिया था। जेल में पिछले माह मोबाइल पर बात करते हुए वीडियो बनाकर दो बंदियों ने वायरल कर दिया था। इस मामले में तत्कालीन जेलर और जेल अधीक्षक ने दोनों बंदियों के विरुद्ध

था। नवागत जेलर ने जेल में मोबाइल की घटना को देखते हुए कारागार में मोबाइल के प्रयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों की माने तो पिछले कुछ दिनों में अलग अलग बैरकों सें छह मोबाइल बंदी रक्षकों को मिले थे। जेलर ने इसे गंभीरता से लेते हुए मोबाइल मिलने वाले बंदियों को सुरक्षा बैरक में

## नवागत डिप्टी जेलर ने संभाला कार्यभार

देवरिया। नवागत डिप्टी किशोर कुमार दीक्षित ने जिला कारागार में शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। जेल में तैनात दो डिप्टी जेलरों का तबादला पिछले दिनों गैर जनपद के जिला कारागार में हुआ था। कारागार विभाग ने पिछले दिनों बड़े पैमाने पर जेल अधीक्षक, जेलर और डिप्टी जेलरों का तबादला हुआ था। जिसमें देवरिया जिला कारागार के अधीक्षक 30 जून को सेवा निवृत्त हो गए थे। वहीं जेलर जेपी तिवारी और डिप्टी जेलर विजय कुमार पाण्डेय का तबादला आगरा जिला कारागार और राजेश कुमार का कानपुर देहात हो गया था। वहीं सहारनपुर जिला कारागार में तैनात किशोर कुमार दीक्षित को देवरिया जिला कारागार भेजा गया था।

अमर उजाला दि. 25/ ? / 21

# समाधान दिवस में छाए रहे पुलिस और राजस्व के मामले

संवाद न्यूज एजेंसी

## दर्ज हुए 14 मामलों में एक का भी नहीं हो सका निस्तारण

**बरहज।** स्थानीय थाना परिसर में माह के चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां अधिकारियों ने फरियाद सुना। दिवस में पूरे दिन पुलिस और राजस्व के मामले छाए रहे। आए कुल 14 मामलों में मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका।

एसडीएम संजीव कुमार यादव ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके जाने के बाद तहसीलदार सतीश कुमार ने शिकायतें सुनीं। बरहज पश्चिमी निवासी जमील अंसारी मकान निर्माण में बाधा, तेलियां अफगान की लीलावती देवी, चकरा नोनार के लल्लन यादव, करौंदी के कृष्णचंद उपाध्याय ने जमीन विवाद, आजादनगर के जितेंद्र कुमार सोनी बिजली का तार ले जाने में असुविधा सहित 14 मामले आए। इनमें राजस्व के नौ और पुलिस के पांच मामले थे।

## सीएम के जिले में आने से फीका रहा समाधान दिवस

रुद्रपुर। शनिवार को कोतवाली पर आयोजित समाधान दिवस फीका रहा। जिले में सीएम के आगमन के दौरान अधिकारियों की ड्यूटी जिले पर होने के कारण फरियादी नहीं पहुंचे। कोतवाली में उपजिलाधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में एक भी शिकायत नहीं दर्ज हुई। एसडीएम ने पूर्व में लंबित शिकायतों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पुलिस कर्मचारी और लेखपालों से विवादित स्थलों पर पहुंच कर निष्पक्ष निस्तारण कर रिपोर्ट देने को कहा।

दूसरी ओर भलुअनी और मदनपुर थाने में भी अधिकारियों ने फरियाद सुनी।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**तुर्कपट्टी।** तुर्कपट्टी पुलिस ने शनिवार को सरिसवां चौराहे से एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ आनन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि थानाक्षेत्र के ग्रामसभा सरिसवां निवासी धरमी देवी शनिवार को तुर्कपट्टी-सेवरही मार्ग पर सरिसवां चौराहे से पूरब कहीं जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रही थी।

इसकी सूचना पर पुलिस टीम मौके पर गई तो वह पुलिस को देख घबरा गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो 290 ग्राम गांजा बरामद किया गया। मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## जिले के सभी थानों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

# सात में से छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कुशीनगर | **हिन्दुस्तान टीम**

जिले के सभी थाना परिसर में महीने के अंतिम शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में अफसरों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान थाना परिसर में कुछ ही मामलों का निस्तारण हो सका जबकि अन्य सभी मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया गया।

एसडीएम प्रमोद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 11 मामले आए। वहीं, इसमें राजस्व व पुलिस से संबंधित एक-एक मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष के लिए संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजी गयी।कोतवाल जेपी पाठक, एसएसआई दीनानाथ यादव, सदानंद यादव, ईओ अजय कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक संजीवन मिश्र मौजूद रहे।

खड्डा थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम अरविंद कुमार की अध्यक्षता



शनिवार को खड्डा में फरियाद सुनते एसडीएम अरविंद कुमार।

में व इंस्पेक्टर आरके यादव की देखरेख में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां आये सात में से छह मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एसआई रमाशंकर यादव, राजेश भारती, राजेश यादव, कानूनगो लालज आदि मौजूद रहे।

अहिरौली बाजार एसओ संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया। समाधान दिवस में पांच फरियादी ही शिकायत लेकर आए। एक मामले को एसओ ने मौके पर ही निस्तारित कर दिया। इस दौरान राम सिंह, अरविंद कुमार, लेखपाल सरफराज अहमद, बृजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

बरवापट्टी में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान दोपहर दो बजे तक चार फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इसमें से एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। यहां एसओ सुरेशचंद्र राव मौजूद रहे।

# स्त्रियों के लिए वरदान है महिला हेल्प डेस्क

हाटा | **हिन्दुस्तान संवाद**

स्थानीय कोतवाली में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पीड़ित महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां महिलाएं अपनी समस्याएं निडर होकर महिला डेस्क अधिकारियों को बताती हैं।

महिला हेल्प डेस्क में अधिक मामले घरेलू हिंसा व पति पत्नी के आपसी विवाद के आ रहे हैं। शासन के निर्देश पर संचालित हो रहा यह महिला हेल्प डेस्क में आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्या सुनने के लिए दो कर्मचारी नियुक्त हैं। शिकायत मिलते ही सम्बंधित क्षेत्र के दारोगा को तत्काल अवगत करा दिया जाता है। हाटा में कोतवाली में तैनात महिला हेल्प डेस्क प्रभारी अर्चना दूबे व पूजा पांडेय ने बताया कि हम पारिवारिक मामलों पर फोकस करते हैं क्योंकि उनमें समझौता का स्कोप ज्यादा होता है।

महिला उत्पीडन मामले में तत्काल कार्यवाही करने के उद्देश्य से शासन की ओर से नारी मिशन शक्ति के तहत प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है। जब से शासन ने महिलाओं के समस्याओं के निस्तारण के लिए यह हेल्प डेस्क स्थापित किया है तब से महिलाओं के समस्याओं के लिए यह वरदान साबित हो रहा है। उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश तथा प्रभारी निरीक्षक हाटा के देखरेख एवं मार्गदर्शन से अधिकतर पारिवारिक मामलों का निपटारा प्रत्येक दिवस में कराया जाता है। वहीं पीड़ित महिलाएं आसानी से अपनी बातों को रखती हैं जिससे उनकी समस्याओ का त्वरित समाधान हो जाता है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रदूषण केंद्रों की जांच

पडरौना | **निज संवाददाता**

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत शनिवार को तीसरे दिन सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक आरडी प्रसाद वर्मा ने जिला मुख्यालय स्थित प्रदूषण केन्द्रों की जांच की। सभी केन्द्र संचालकों को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार वाहनों की जांच कर प्रमाण पत्र जारी करें।

आरआई ने केंद्र संचालकों को वाहनों में प्रदूषण मानक से अधिक होने पर बिल्कुल रिपोर्ट नहीं लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने आटो चालक, बस कर्मियों और चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपील किया कि अस्वस्थ्य होने की दशा में वाहन बिल्कुल न चलायें तथा 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने दें। यात्रीकर अधिकारी राजकुमार ने कहा कि दो पहिया वाहन कभी भी बिना हेलमेट के न चलाये व नशे की हालत में कदापि वाहन न चलायें। चालकों में यातायात नियमों से सम्बान्धित पंपलेट का वितरण किया। इस दौरान टीएसआई परमहंस आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने महिला समूह को दिलाए रुपये

**खड्डा :** हनुमानगंज थाने के दरगौली आनंद नगर की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं गांव के ही एक युवक के पास 83000 रुपये जमा की थीं। दो वर्ष बाद भी वह रुपये नहीं दे रहा था। महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की, पुलिस ने आरोपित को थाने पर बुला कर 40000 वापस कराए। शेष रुपये बाद में देने को कहा।

# मानक के मुताबिक करें प्रदूषण की जांच

**पडरौना :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शनिवार को संभागीय निरीक्षक प्राविधिक आरडी प्रसाद वर्मा ने प्रदूषण केंद्रों का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि मानक के मुताबिक प्रदूषण की जांच की जाए। प्रदूषण का लेवल मानक से अधिक होने पर क्लीयरिंग रिपोर्ट न दी जाए। संभागीय निरीक्षक ने टेंपो व बस चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कहा कि अस्वस्थ होने की दशा में वाहन न चलाएं। 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों को गाड़ी न चलाने दें। यात्री अधिकारी राजकुमार ने कहा कि दो पहिया वाहन कभी भी बिना हेलमेट न चलाएं। टीएसआइ परमहंस आदि मौजूद रहे।

# सवा दो किलो गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

तुर्कपट्टी : तुर्कपट्टी पुलिस ने शनिवार की भोर में सवा दो किलो गांजा के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। एसएचओ आनंद गुप्ता को सूचना मिली कि थाने के गांव सरिसवां में राजेंद्र गोंड की पत्नी धर्मी देवी गांजा तस्करी का कार्य कर रही है। उन्होंने महिला तस्कर के घर छापेमारी की। पुलिस टीम ने तलाशी ली तो उसके पास से सवा दो किलो गांजा बरामद हुआ।

# ड्रोन कैमरा की मदद से पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज : बीते दिनों तरयासुजान थाना क्षेत्र के खेतों में शराब की बरामदगी के बाद शनिवार को पुलिस ने ड्रोन कैमरे की मदद से झरही नदी व आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। एसएचओ कपिलदेव चौधरी के नेतृत्व में तमकुहीराज चौकी प्रभारी सुनील सिंह के साथ पुलिस फोर्स गाजीपुर गांव पहुंची। बीते18 जुलाई को यहां हरियाणा प्रांत निर्मित शराब का जखीरा बरामद हुआ था।

# भूमि विवाद के मामलों में करें त्वरित कार्रवाई : एसपी

**जागरण संवाददाता,पडरौना:** थाना समाधान दिवस पर नगर कोतवाली पहुंचे एसपी सचिन्द्र पटेल ने कहा कि पीड़ितों की समस्या सुन त्वरित निस्तारण के कदम उठाएं। समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

सुबह 10 बजे कोतवाली पहुंचे एसपी के समक्ष पुलिस से जुड़े पांच तथा राजस्व से जुड़े दो मामले आए। चार मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। दोपहर दो बजे तक एक-एक कर 32 मामले आए। कोतवाल अनुज कुमार सिंह, दारोगा नागेंद्र सिंह सहित पुलिस व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

जटहाबाजार थाने में पांच मामले आए, जिसमें पुलिस से जुड़े एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। एसओ नंदा प्रसाद सहित पुलिस व राजस्वकर्मी मौजूद रहे। कप्तानगंज में तहसीलदार अहमद फरीद खान की उपस्थिति में कुल 19 मामले आए। इसमें से जुड़े दो मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए।

अहिरौली बाजार थाने में कुल पांच मामले आए, जिसमें दो मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह,कानून-गो राम सिंह, अरविंद कुमार, सरफराज अहमद, बृजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण जांच में अनियमितता हुई तो की जाएगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

## मानक के अनुसार वाहनों के प्रदूषण जांच करने के लिए निर्देश दिए गए

**पडरौना।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न प्रदूषण जांच केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसमें मानक के अनुसार वाहनों का प्रदूषण जांच करने के लिए निर्देश दिया गया।

संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) आरडी प्रसाद वर्मा ने कहा कि वाहनों के प्रदूषण की सही जांच नहीं होने से सड़कों पर प्रदूषण देने वाले वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। उन्होंने चेताया कि वाहनों के प्रदूषण जांच करने में यदि अनियमितता बरती गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय है। इसके बाद उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न प्रदूषण जांच केंद्रों का निरीक्षण कर संचालकों को जरूरी सलाह दी। यात्री कर अधिकारी राज कुमार ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की हिदायत देते सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत पालन के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान हषवर्धन राज सिंह, मुख्तार, रमेश मिश्र, राजीव सिंह, मुन्ना पांडेय, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# ड्रोन कैमरे की मदद से पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

**तमकुहीराज।** तरया सुजान थाना क्षेत्र के गाजीपुर में विगत दिनों बरामद हुई काफी मात्रा में शराब के मद्देनजर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। ड्रोन कैमरे की मदद से झरही एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाशी ली गई। शनिवार को थाना प्रभारी कपिलदेव चौधरी की अगुवाई में चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह के साथ पुलिस के जवान गाजीपुर पहुंचे। इसी स्थान से विगत 18 जुलाई को गैर प्रांत की शराब जब्त हुई थी। पुलिस ने उस क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। ड्रोन कैमरे की मदद भी ली गई। पुलिस के इस अभियान में क्षेत्र के ग्राम प्रधान राजेश सिंह, ग्राम प्रधान उपेंद्र सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, संजीव गुप्ता आदि लोग भी मौजूद रहे। संवाद

# धार्मिक स्थल पर शराब पी रहे दो युवक पकड़े गए

**नेबुआ रायगंज।** नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के चितहा गांव के सिवान पर स्थित एक धार्मिक स्थल परिसर में शराब पी रहे युवकों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। एक वर्ग विशेष के इन तीन युवकों में से दो को पकड़कर को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जबकि एक मौके का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा। शनिवार को धार्मिक स्थल परिसर में बैठकर तीनों युवक शराब पी रहे थे। परिसर में शराब पीने की भनक ग्रामीणों को लगी। ग्रामीण मौके पर पहुंच उनमें से दो को पकड़ लिया। एक मौके का फायदा उठाते हुए भाग निकला। संवाद

# गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**तुर्कपट्टी।** शनिवार की सुबह तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने सरिसवां चौराहे के पास गांजा के साथ एक महिला को हिरासत में लिया। पुलिस ने उसके पास से दो किलोग्राम 290 ग्राम गांजा बरामद किया है। एसओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सरिसवां निवासी धरमी देवी शनिवार को तुर्कपट्टी-सेवरही मार्ग पर सरिसवां चौराहे से पास कहीं जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने संदेह होने पर महिला को हिरासत में ले लिया। महिला के पास मौजूद झोले में दो किलोग्राम 290 ग्राम गांजा मिला है। पुलिस आरोपी महिला के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। एसओ के साथ एसआई रामसहाय यादव, आकाश गिरी, हेड कांस्टेबल कुश कुमार, कांस्टेबल सौरभ सिंह कुशवाहा, विनोद कुमार यादव, महिला कांस्टेबल अंजली सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# रामकोला थाने में निस्तारित हुए तीन मामले

## थाना समाधान दिवस में फरियादियों ने दर्ज कराईं शिकायतें

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**कुशीनगर।** थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर जहां फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं वहीं, उन्हें त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

रामकोला प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में तीन मामले आए थे, जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। नायब तहसीलदार राधेश्याम उपाध्याय और एसओ डीके सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुए समाधान दिवस में कुसमहा निवासी स्वामीनाथ ने खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया। सिधावे की प्रतिमा देवी ने डीह की जमीन पर फर्जी तरीके से बैनामा कराने का आरोप लगाया है। लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार ने पुलिस और राजस्व टीम भेजकर मामले का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर कांनुनगो शिव प्रसाद गुप्ता, अरविंद कुमार पांडेय, लेखपाल संगम प्रसाद, राहुल दीक्षित आदि लेखपाल मौजूद रहे।

अहिरौली बाजार प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में शनिवार को एसओ संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल पांच मामलों में से दो का निस्तारण किया गया। शेष तीन मामले को मौके पर जांच कर निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।

खड्डा प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में एसडीएम अरविंद कुमार ने कुल सात मामलों में से छह मामलों का मौके पर निस्तारण किया। सबसे ज्यादा मामले जमीन विवाद से जुड़े थे।

कप्तानगंज प्रतिनिधि के अनुसार थाने में आए कुल 19 मामलों में से दो मामले, और पटहेरवा थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल छह मामलों में दो का मौके पर निस्तारण किया गया।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# समाधान दिवस पर तीन मामले

**बृजमनगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाने पर आज आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की संख्या में काफी कम नजर आयी। कोरोना काल के बाद लम्बे समय बाद स्थानीय थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार फरेन्दा वाचस्पति सिंह तथा राजस्वकर्मियों के साथ मौजूद रहे। समाधान दिवस पर फरियादियों की संख्या कम ही नजर आयी। थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि समाधान दिवस पर एक पुलिस व दो राजस्व समेत कुल तीन मामले आये जिनके निस्तारण हेतु टीम गठित किया गया। इस दौरान हल्का लेखपाल समेत तमाम राजस्वकर्मी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# थाना पर डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

**सिसवा बाजार।** थाना परिसर कोठीभार में आज संपूर्ण थाना दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी डा. उज्जवल कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने फरियादियों की फरियाद सुन कर उसके निस्तारण का आवश्यक निर्देश दिया। सम्पूर्ण थाना दिवस में कुल ग्यारह मामले पंजीकृत रहे। डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इनमें छह का निस्तारण मौके पर किया गया। अन्य मामलों में कार्यवाही के आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोठीभार धनवीर सिंह, उपनिरीक्षक उमेश शर्मा, दिनेश पांडेय, सूर्यभान यादव, रणविजय वर्मा, अखिलेश सिंह व अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# आत्मदाह की खबर पर हिला प्रशासन, मिला न्याय

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)।** थाना कोल्हुई क्षेत्र के ग्राम सभा शिकारगढ़ में कोल्हुई पुलिस,बहदुरी चौकी व गांव के कुछ तथाकथित दंबगों से तंग आकर न्याय के लिए एक महिला ने अपने घर के 6 सदस्यों के साथ 28 जुलाई को कोल्हुई तिराहे पर आत्मदाह की चेतावनी दिया था। राष्ट्रीय सहारा ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। आत्मदाह की खबर पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह हिल उठा। आज सीओ फरेन्दा,एसडीएम फरेन्दा व कोल्हुई पुलिस मौके पर पहुंच गयी अन्ततः महिला को न्याय मिल गया।



शिकारगढ़ में घटना स्थल का जायजा लेते सीओ व एसडीएम फरेन्दा।

उल्लेखनीय है कि ग्राम सभा शिकारगढ़ में वैजन्ती पत्नी सुकई नामक महिला अपने घर के बरामदे का छत लगाने के लिए सामान गिरवायी थी जिसको गांव के कुछ तथाकथित दंबग रोक दिये थे। इस मामले में कोल्हुई पुलिस व बहदुरी चौकी की पुलिस को कई प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन कोई न्याय नहीं मिला। इस प्रकरण में महिला ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश समेत कई अधिकारियों को पत्र भेजी थी कि 28 जुलाई को कोल्हुई पुलिस,बहदुरी चौकी की पुलिस व गांव के कुछ तथाकथित दबंग से तंग आकर न्याय के लिए 28 जुलाई को कोल्हुई तिराहे पर परिवार के 6 सदस्यों के साथ आत्मदाह करेगी। आज इस खबर को राष्ट्रीय सहारा ने प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित किया है। आत्मदाह की खबर छपते ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह हिल उठा। गांव में एसडीएम फरेन्दा अभय गुप्ता, सीओ फरेन्दा सुनील दत्त दूबे, कोल्हुई व बहदुरी चौकी की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी और मौका देखते ही मामला उजागिर हो गया। इस दौरान सुलहनामा बनवाकर महिला से तत्काल कार्य शुरु कराने के लिए निर्देशित किया। इस सम्बन्ध में सीओ फरेन्दा सुनील दत्त दूबे ने बताया कि आत्मदाह की खबर पर एसडीएम फरेन्दा के साथ मौके पर पहुंचा गया। उन्होंने बताया कि महिला को छत लगाने के लिए निर्देशित किया गया है और चेतावनी दी गयी है कि जो भी कार्य करने से रोकेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी। इस दौरान कोल्हुई पुलिस ने सुलहनामा कराया है। कुल मिलाकर आत्मदाह की खबर पर जहां पुलिस जाग गयी वही महिला को अन्ततः न्याय मिल गया। जिसको लेकर पूरे गांव में इस निर्णय पर एसडीएम व सीओ फरेन्दा का जमकर प्रशंसा कर रहे है।

# डीएम ने की दो थानों पर थाना दिवस की अध्यक्षता

**महराजगंज (एसएनबी)।** जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता द्वारा थाना घुघली व कोठीभार पर थाना दिवस की अध्यक्षता की गयी। घुघली थाने पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष/राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया कि पुलिस/राजस्व की टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण करें और निष्पक्ष विवेचना कर शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तायुक्त निस्तारण सुनिश्चित करें।



समाधान दिवस की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

जिलाधिकारी डा. कुमार ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश किया कि सभी शिकायतकर्ताओं के साथ उचित व्यवहार करें और उनके लिए आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक मामलें में उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रार्थना पत्र तथा जनपद मुख्यालय/उच्चाधिकारियों से प्राप्त भूमि विवाद सम्बन्धी मामलों का निस्तारण उच्च प्राथमिकता के आधार पर थाना दिवस में कराया जाय। इस दौरान घुघली में 10 व कोठीभार में 11 शिकायतें मिलीं। जनपद के अन्य थानों पर समाधान दिवस के दौरान 76 मामले पंजीकृत किये गये जिनमें से 13 जनशिकायतों का मौकेपर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व टीम को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी कुन्ज बिहारी अग्रवाल ने की।चौक बाजार प्रतिनिधि के अनुसार चौक थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता कुंजबिहारी अग्रवाल ने की जबकि एएसपी निवेश कटियार भी उपस्थित रहे। समाधान दिवस में 5 राजस्व व एक नाली का मामला आया जिसे सम्बंधित को जल्द से जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में ग्रामसभा खजुरिया से पानमती, पूनम, सिहुली परसा से राजकुमार प्रजापति, ओंकार नाथ, चौक बाजार से मोहम्मद शहीद व परसौनी से मोहम्मद इलियास सहित कुल पांच राजस्व व एक नाली विवाद का मामला आया। इस बावत थानाध्यक्ष बृजेश सिंह नेबताया कि मामले से सम्बंधित टीम गठन कर दिया गया है। जल्द ही मामलों का निस्तारण करा दिया जाएगा। इस दौरान निचलौल तहसीलदार राहुल देव भट्ट, कानूनगो सजीवन वर्मा, लेखपाल सुनील कुमार, विजयराज यादव, अमित पटेल, आशा प्रसाद, आशिष चौबे, ग्राम प्रधान नेसार अहमद कादरी, दीनानाथ गुप्ता व बीरू आदि लोग मौजूद रहे।

**पनियरा** प्रतिनिधि के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 14 मामले पंजीकृत हुए। इसमें से पांच मामलों का त्वरित निस्तारण मौके पर राजस्व विभाग की पुलिस टीम को भेजकर करा दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए कमेटी बना दी गयी है। जो दोनों पक्षों व राजस्व अभिलेखों के आधार पर समाधान करायेगी।

# आत्मदाह की धमकी पर गांव पहुंचे अफसर

**कोल्हुई।** विरोधियों के प्रताड़ना से तंग आई एक महिला की आत्मदाह करने की चेतावनी पर शनिवार को एसीएम व सीओ मौके पर पहुंचे और मामले को सुलझा दिया।

कोल्हुई क्षेत्र के शिकारगढ़ निवासी बैजंती ने मुख्यमंत्री और उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में आरोप लगाया था कि मकान का दिवाल तैयार हो गया है। गांव के कुछ लोग छत लगाने नही दे रहे है। इससे उसका मजदूरी और निर्माण मटेरियल खराब हो रहा है। यदि छत नही लगाने नहीं दिया गया तो वह बच्चों के साथ आत्मदाह करने को बाध्य हो जाएगी। शनिवार को एसडीएम अभय गुप्ता और सीओ सुनील दत्त दूबे मय फोर्स सहित गांव पहुंचे। महिला से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। महिला के मकान के सामने जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

# यातायात नियम के उल्लंघन पर कार्रवाई

**महराजगंज।** यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत  टीआई प्रभारी जयनारायण के नेतृत्व में शनिवार को चेकिंग अभियान चला। सक्सेना चौराहा पर उनकी टीम दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की। यातायात नियम का उल्लघंन करने वाले चालकों की फटकार लगाई। कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह में चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# समस्याओं का निस्तारण कर समय से रिपोर्ट दें



शनिवार को कोठीभार थाना में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम व एसपी।

## समाधान दिवस

महराजगंज | **हिन्दुस्तान टीम**

जिले के थानों पर शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस व राजस्व अधिकारियों ने पांच थानों पर आयोजित दिवस में आए 19 मामलों का मौके पर निस्तारित किया। अन्य मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में निस्तारित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार और एसपी प्रदीप गुप्ता ने कोठीभार थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना। दिवस में आए 11 मामलों में पांच का मौके पर निस्तारित किया। डीएम ने कहा कि दिवस में आए मामलों का निर्धारित समय में निस्तारित करना अनिवार्य है। ऐसे में संबंधित विभाग मौके पर जाकर मामलों को निस्तारित कर रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराएं। एसपी ने कहा कि भूमि विवाद में पुलिस राजस्व टीम का साथ दें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोठीभार धनवीर सिंह, उपनिरीक्षक उमेश शर्मा, दिनेश पांडेय, सूर्यभान यादव, रणविजय वर्मा, अखिलेश सिंह और अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। सिंदुरिया में थानाध्यक्ष अजित कुमार के समक्ष

मामला आया। उसे हल्का लेखपाल को सौप दिया गया। दिवस में उपनिरीक्षक ओमप्रकाश गुप्त, ऋतुराज, सुमन यादव, अरुण कुमार सिंह, हल्का लेखपाल सोमनाथ भारती, अशोक कुमार, मुमताज अली, देवीशरण, अविनाश साहनी और मोहम्मद सरफराज सहित कई लोग शामिल रहे। नौतनवां थाना सभागार में आयोजित दिवस में आए राजस्व संबंधी एक मामले को उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक सूर्यप्रकाश पांडेय, गौरव यादव, कानूनगो शिवराज गुप्ता, लेखपाल श्रीराम गुप्ता, अनुराग कुमार और कृष्णगोपाल सहित कई लोग मौजूद रहे। फरेंदा कोतवाली में आयोजित दिवस में एसडीएम अभय गुप्ता व सीओ सुनील दत्त दुबे ने पांच शिकायतों में दो का मौके पर ही निस्तारित कर दिया। तीन मामलों को संबंधि विभाग के अधिकारी को सौपा। निचलौल थाना परिसर में सीओ धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में केवल एक मामला आया। क्षेत्र के ग्राम बजहा उर्फ अहिरौली निवासी विकास चौरसिया ने भूमि विवाद का शिकायत दर्ज कराई। सीओ ने हल्का लेखपाल कौशल कुमार व पुलिस की टीम को मौके पर भेजा। दिवस में तहसीलदार राहुल देव भट्ट और एसओ निर्भय

# आत्मदाह की चेतावनी के बाद जागा प्रशासन

**जासं, कोल्हुई :** शिकारगढ़ निवासी बैजंती देवी कुछ दिन पूर्व घर के निर्माण के लिए छत लगवा रही थी। तभी कुछ दबंगों ने कार्य रुकवाकर सटरिंग करने वालों को डरा धमकाकर भगा दिया था। इसकी शिकायत पुलिस से की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक से भी मिलकर न्याय की गुहार लगाई। परंतु वहां से निराशा हाथ लगी। इसके बाद महिला ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर 28 जुलाई को बच्चों समेत कोल्हुई चौराहे पर आत्मदाह की चेतावनी दी थी। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आते ही हड़कंप मच गया। शनिवार दोपहर एसडीएम ने महिला के घर पहुंचकर मामले का निस्तारण कराया।

# भारतीय नोट व अमेरिकी डालर के साथ लखनऊ के दो व्यक्ति गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, सोनौली, महराजगंज :** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के मोरङ जिले में शुक्रवार की शाम पुलिस ने दो भारतीय नागरिकों को भारतीय रुपये व अमेरिकी डालर के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों भारतीय उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहने वाले हैं। पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी है। पूछताछ में मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबकि दोनों आरोपित हवाला कारोबार से जुड़े हुए हैं। प्रदेश प्रहरी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक दो भारतीय नागरिक विराटनगर के रास्ते भारत से नेपाल में आ रहे थे। जब उनके पास मौजूद बैग की जांच की गई तो एक व्यक्ति के बैग में भारतीय 500 के 200 नोट (एक लाख रुपये) व दूसरे व्यक्ति के बैग से भारतीय 500 रुपये के 217 नोट (एक लाख आठ हजार पांच सौ), 100 अमेरिकी डालर के 21 नोट, 20 अमेरिकी डालर के 5 नोट, 10 अमेरिकी डालर के एक नोट व एक अमेरिकी डालर के चार नोट बरामद हुए हैं। पकड़े गए लोगों की पहचान अतुल कुमार व संदीप सिंह निवासी लखनऊ के रूप में हुई है।

# असलहा लहराने के मामले में चार को पकड़ा

**परतावल।** श्यामदेउरवां क्षेत्र में असलहा लहराते हुए वायरल हुए एक वीडियो के मामले में पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना में आधा दर्जन युवकों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। श्यामदेउरवां क्षेत्र में एक बाइक पर सवार तीन युवकों का असलहा लहराते हुए वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी सुनील कुमार राय के अनुसार कुछ युवकों से पूछताछ की जा रही है। इन युवकों के साथ अभी और लोगों के भी शामिल होने की संभावना है। असलहा असली है या नकली इसका भी पता किया जा रहा है। संवाद

# थाना समाधान दिवस पर 13 मामलों का निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** थाना समाधान दिवस पर जिले के सभी थानों में जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया। 76 मामले में आए जिसमें से 13 मामलों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने थाना घुघली व कोठीभार पर थाना दिवस की अध्यक्षता की। घुघली थाने पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष/राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया कि पुलिस/राजस्व की टीम गठित कर निरीक्षण करें व निष्पक्ष विवेचना कर शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ताओं संग उचित व्यवहार करें व आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराएं।

चौक बाजार प्रतिनिधि के अनुसार थाने पर आयोजित समाधान दिवस का औचक निरीक्षण अपर जिलाधिकारी कुंजविहारी अग्रवाल एवं पुलिस उपाधीक्षक निवेश कटियार ने किया। थाने पर आए कुल 5 मामलों में तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जबकि

## अधिकारियों ने सुनी लोगों की फरियाद

बाकी दो मामलों के निस्तारण के लिए टीम भेज दी गई। एसडीएम कुंजविहारी अग्रवाल ने कानूनगो संजीवन वर्मा को दो थाना क्षेत्र में कार्यरत लेखपालों का रोस्टर बनाने का आदेश दिया। एडिशनल एसपी निवेश कटियार ने थाने में अभिलेख, बैरक, मेस समेत महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क में मौजूद महिला शिकायत रजिस्टर में कमियों को दूर करने एवं महिला फरियादी को बैठने की उचित व्यवस्था करने को कहा।

मिठौरा प्रतिनिधि के अनुसार सिंदुरिया थाने में राजस्व से संबंधित एक मामला मिठौरा से आया। थाना प्रभारी सिंदुरिया अजित कुमार ने बताया हल्का लेखपाल मिठौरा को जांच कर आख्या देने को कहा गया है। कोल्हुई प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में एसडीएम फरेंदा अभय कुमार गुप्ता एवं सीओ फरेंदा सुनील दत्त दुबे मामलों की सुनवाई की। 5 मामले राजस्व के आए जिसका तत्काल निस्तारण कर दिया गया।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो पर मुकदमा

**नौतनवां।** कस्बे के जयप्रकाश नगर वार्ड निवासी मो. हनीफ ने थाने में तहरीर देकर बिहार एवं पश्चिम बंगाल के दो व्यक्तियों पर विदेश में नौकरी के लिए वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने की शिकायत की है। दिए गए पत्र में कहा कि बीजा के नाम पर उनसे साढ़े तीन लाख रुपयों की ठगी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शमशाद निवासी करनपुरा प्रखंड एकमा, अमरडीह इकमा सरन बिहार एवं मो. शकील निवासी शेख पहड़ा एवं भोलपहड़ा, गोधिया मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के खिलाफ कूटरचित तरीके से फर्जीवाड़ा करने से संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# आत्मदाह की चेतावनी पर पहुंचे अधिकारी



**कोल्हुई।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शिकारगढ़ की रहने वाली बैजंती ने सीएम समेत कई उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर आत्मदाह की चेतावनी दी है। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम फरेंदा एवं सीओ शनिवार को गांव में पहुंचकर महिला से सीधा संवाद कर समस्या के समाधान का प्रयास किया। एसडीएम अभय गुप्ता एवं सीओ फरेन्दा सुनील दत्त दुबे पुलिस फोर्स के साथ गांव में पहुंचे और महिला से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। सीओ ने बताया कि महिला के मकान के सामने विवादित जमीन है। उसी के चलते बैजंती और रामशंकर के बीच जमीन को लेकर विवाद है। लेकिन छत रोकने की बात गलत है। महिला को छत लगवाने के लिए कह दिया गया है। राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया है कि विवादित जमीन की पैमाइश कर मामले का निस्तारण करें। संवाद

# लापरवाह पुलिसकर्मियों को लगाई फटकार

**पनियरा।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने शुक्रवार की रात्रि में 10 बजे मुजुरी पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। कई कमियां मिलने पर पुलिसकर्मियों को कड़ी फटकार लगाई। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी आदत में सुधार लाएं नहीं तो कार्रवाई होगी। उन्होंने चौकी पर आने-जाने वाले फरियादियों के रजिस्टर को भी देखा जिसमें दो हेड कांस्टेबल की बड़ी लापरवाही सामने आई। जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधरने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी पर आए फरियादियों के समस्या को सुन कर त्वरित कार्रवाई करें। इस दौरान थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रमोद यादव, रवि सिंह, संजय सिंह, राजेश यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# दस लीटर कच्ची के साथ एक व्यक्ति हिरासत में

**पुरन्दरपुर।** थाना पुरन्दरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीपुर टोला तरहों में पुलिस द्वारा दविस कर 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र पुरन्दरपुर के ग्राम पंचायत रानीपुर टोला तरहों निवासी जितेंदर उर्फ बगेदु पुत्र तीरथ को मुखविर की सूचना पर पुरन्दरपुर पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ हिरासत में लेकर 60 एक्साइजेट के तहत कर्यवाही करते हुए न्यायालय के लिए भेज दिया।दविस देने वाली पुलिस टीम में एस आई जगतपति और कांस्टेबल मौजूद रहे।

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# दहेज के लिए उत्पीड़न के तीन मामलों में 16 पर केस

बस्ती | निज संवाददाता

दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना, परसरामपुर व रुधौली पुलिस ने सोलह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थाने के मिश्रौलिया में रह रहीं नीलू ने महिला थाने में दी तहरीर में बताया है कि उनकी शादी रुधौली थाने के अंबेडकरनगर निवासी धर्मेन्द्र कुमार राव के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित किया गया। महिला थाना पुलिस ने पति धर्मेन्द्र, ननद दुर्गावती समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। परसरामपुर थाने में तहरीर देकर शबनम ने बताया है कि उनकी शादी लखनऊ के थाना बख्शी के बरगदी मठ आंशिक निवासी अब्दुल कादिर के साथ तीन वर्ष पहले हुई थी। बाद में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। परसरामपुर पुलिस ने पति अब्दुल कादिर, सास मेहरुनिशा व ससुर दोस्त मोहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रुधौली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की शादी गोंडा के तरबगंज थाना क्षेत्र के युवक से हुई थी। जो वर्तमान में पानीपत हरियाणा में रह रहा है। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर मारपीट की गई। अश्लील हरकत करने के साथ मारपीट के चलते गर्भपात हो गया। पुलिस ने आठ लोगों पर केस दर्ज किया है।

Scanned By Scanner Go

# आईपीएस के नंबर पर टिकट बनाने वाला दलाल गिरफ्तार

**शिकंजा**

**कार्रवाई**

- आरपीएफ टीम ने मुंडेरवा से रेल टिकट दलाल को दबोचा
- छापेमारी में 56 हजार 622 रुपये के ई-टिकट भी बरामद

**बस्ती | निज संवाददाता**

आरपीएफ टीम ने मुंडेरवा में छापेमारी कर रेल टिकट के एक दलाल को पकड़ा। उस पर एक आईपीएस पुलिस अधिकारी के मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर रेलवे का ई-टिकट निकालने का आरोप है। टीम ने उसके खिलाफ रेल अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव के बताया कि रेलवे बोर्ड की सूचना पर गोरखपुर व बस्ती आरपीएफ की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर मो. हलीम ( 19 ) निवासी नगरा, थाना मुंडेरवा-बस्ती को गिरफ्तार किया। वह दुकान पर टिकट बनवाने व मोबाइल रीचार्ज के लिए आने वाले ग्राहकों के मोबाइल पर ओटीपी लेकर रेलवे की आईडी बना लेता था। आरपीएफ से बचने के लिए यात्री के मोबाइल नंबर की जगह कोई भी नंबर डाल देता था। गलती से उसने एक आईपीएस का नंबर डाल दिया तो पकड़ा गया।

इंस्पेक्टर यादव ने बताया कि उसके पास से 56622 रुपये के ई-टिकट बरामद हुए हैं। हर तरह से जांच पूरी कर ली गई है लेकिन टिकट दलाली के अलावा अन्य किसी अपराध में संलिप्तता नहीं मिली है।

Scanned By Scanner Go

# चरस संग पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर

**कप्तानगंज।** पुलिस ने शनिवार को भोर में मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छपिया के पास से पकड़े गए युवक के पास से तलाशी के दौरान 505 ग्रम चरस बरामद हुआ। पूछताछ में अवधेश सिंह उर्फ संतोष सिंह निवासी छपिया थाना कप्तानगंज बताया। बताया कि नेपाल से चरस लाकर बस्ती में बेचता है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

Scanned By Scanner Go

# ढाई किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बस्ती/छावनी।** कोतवाली व छावनी पुलिस ने करीब ढाई किलो गांजा के साथ दो लोगों को पकड़ा है। कोतवाल मनोज त्रिपाठी ने बताया कि धनपत मिश्रा निवासी पिपरा चन्द्रपति थाना पुरानी बस्ती को शुक्रवार की रात हर्दिया गांव के मोड़ से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से सवा किलो गांजा बरामद कर एनडीपीएस की कार्रवाई की गई है। वहीं छावनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के कलन्दरहा पावड़ तिराहा के पास से गिरफ्तारी की। पुलिस के अनुसार आरोपी दयाशंकर गुप्ता की तलाशी में एक किलो दो ग्राम गांजा बरामद किया गया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

Scanned By Scanner Go

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**छावनी:** छावनी थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व उनकी पुलिस टीम शनिवार को ग्राम कलन्दरहा पावड़ तिराहा से एक युवक को एक किलो दो सौ ग्राम ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बछरपुर गांव निवासी दयाशंकर गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। (जासं.)

# ई टिकट बनाने वाला जालसाज गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** दूसरे का मोबाइल नंबर डालकर ई-टिकट बनाने वाले एक आरोपित को रेलवे सुरक्षा बल व अपराध आसूचना शाखा गोरखपुर की संयुक्त टीम ने शनिवार को मुंडेरवा कस्बे से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से 35 ई-टिकट बरामद हुए हैं।

आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव ने बताया कि रेलवे बोर्ड से रिपोर्ट मिली कि यूपी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर रेलवे का ई-टिकट बनाया गया है। मोबाइल पर मैसेज पहुंचने पर पुलिस अधिकारी को जानकारी हुई और उन्होंने इसकी शिकायत दर्ज कराई। दोनों टीम ने मुंडेरवा में एक दुकान पर छापेमारी की गई।

यहां संचालक मोहम्मद हलीम पुत्र कशब्दुला निवासी नगरा थाना मुंडेरवा जिला बस्ती को गिरफ्तार किया गया। आरोपित ने अपना जुर्म स्वीकार किया। तलाशी में बरामद ई-टिकट की कुल कीमत 56 हजार 622 रुपये है। आरोपित के अनुसार वह दुकान पर टिकट और रिचार्ज



आरपीएफ की गिरफ्त में अवैध ई टिकट बनाने का कारोबारी ● सौ.आरपीएफ

के लिए आए ग्राहकों के मोबाइल पर ओटीपी लेकर आइआरसीटीसी की आईडी बना लेता था और आरपीएफ से बचने के लिए टिकट बनाते समय यात्री के मोबाइल नंबर के स्थान पर रैंडम कोई भी नंबर डाल देता था जिसमें गलती से यूपी पुलिस के उच्चाधिकारी का नंबर डाल दिया। बताया कि अन्य कोई मंशा उसकी नहीं थी।

आरोपित का एक साल के बैंक डिटेल,पेटीएम, फोनपे, गूगलपे डिटेल चेक किया गया। लैपटाप और मोबाइल की भी गहन जांच की गई।

टिकट दलाली के अलावा अन्य किसी प्रकार संलिप्तता नही पाई गई । गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आरपीएफ पोस्ट ने रेल अधिनियम की धारा में मामला पंजीकृत किया है।

गिरफ्तारी टीम में एसआइ सुनील कुमार कसाना, हेड कांस्टेबल मृत्युंजय सिंह, कांस्टेबल इंद्रजीत गिरि, बंचू खरवार, कृष्णमोहन पाठक, पलकधारी यादव, अपराध आसूचना शाखा गोरखपुर निरीक्षक दशरथ प्रसाद, एएसआइ लक्ष्मीशंकर यादव, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, बस्ती पुलिस सर्विलांस टीम के कांस्टेबल जितेंद्र यादव, कांस्टेबल संतोष और कांस्टेबल जनार्दन शामिल रहे।

## कार्रवाई

- आरोपित के पास से बरामद हुआ 35 ई-टिकट
- आरपीएफ ने छापेमारी करके आरोपित को पकड़ा

# मुंडेरवा में आइजी ने सुनी लोगों की समस्याएं

## जिलाधिकारी ने गौर थाने में अनुपस्थित लेखपाल रविराज सिंह का वेतन काटने का दिया निर्देश

**जागरण टीम, बस्ती:** जिले के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कर पीड़ितों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निस्तारण का निर्देश दिया गया। आइजी बस्ती रेंज ने मुंडेरवा थाने में तो डीएम-एसपी ने वाल्टरगंज और गौर थाने में शिकायतों को सुना।

आइजी अनिल कुमार राय शनिवार को थाना मुंडेरवा थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस का जायजा लिया। फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का सौ फीसद गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

वहीं डीएम सौम्या अग्रवाल एवं एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गौर थाने में पीड़ितों की समस्या सुनी। इस बीच लेखपाल रविराज सिंह बिना कारण बताए थाना दिवस से गायब रहे, उनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। थाना दिवस पर केसरई गांव के प्रेम कुमार यादव ने शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के ही कुछ लोग सड़क में पैंस बांध रहे हैं, जिससे आने जाने में दिक्कत हो रही है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव निवासिनी सावित्री देवी ने फरियाद करते हुए कहा कि शुक्रवार को उसके पुत्र की बभनान में हत्या कर दी गई। उसका शव रोशनदान से लटका दिया गया। थाना दिवस में कुल 21 मामले आए, जिसमें चार मामलों में राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर निस्तारण के लिए गांव में भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे। वाल्टरगंज थाने में भी डीएम और एसपी ने कुछ देर पीड़ितों की फरियाद सुनी।



थाना समाधान दिवस मुंडेरवा में समस्या निस्तारण का निर्देश देते आइजी अनिल कुमार राय ● सौ पुलिस विभाग

### थाना समाधान दिवस

- शिकायतों का सौ फीसद निस्तारण करने का निर्देश
- वाल्टरगंज में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

इसके पूर्व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी भानपुर अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 13 मामलों का पंजीकरण किया गया, जिसमें से सिर्फ एक का ही मौके पर निस्तारण हो सका। इस मौके पर एसओ दुर्विजय सहित सभी उपनिरीक्षक व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।पुरानी बस्ती थाने में प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र पटेल ने पीड़ितों की शिकायतें सुनी। कुल पांच मामले आए, जिनमें एक का मौके पर निस्तारण हो सका। कोतवाली में तहसीलदार इंद्रमणि त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी ने समस्याएं सुनी। कुल सात मामलों में से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कलवारी में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार शाही की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल सात मामले आए। एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। दिन में करीब 12 बजे एसडीएम सदर पवन जायसवाल भी पहुंचे। उन्होंने जमीन से संबंधित सभी मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया।

हर्रैया थाना परिसर में तहसीलदार चंद्रभूषण व प्रभारी निरीक्षक ब्रिजेश्वरी मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 11 मामले आए, जिसमें से किसी भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। जिससे फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। छावनी में थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कुल 10 मामले आए, जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण हो गया। दुबौलिया में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कुल छह मामले आए। किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। कप्तानगंज थाना पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस में कुल सात मामले आए, जिसमें से एक का निस्तारण हुआ। परशुरामपुर में नायब तहसीलदार निखिलेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में कुल सात मामले आए, जिसमें एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्र भी मौजूद रहे।



थाना समाधान दिवस पर वाल्टरगंज में फरियाद सुनतीं डीएम सौम्या अग्रवाल व एसपी आशीष श्रीवास्तव ● जागरण



# 'विवादों का त्वरित निस्तारण करें अधिकारी'

## थाना समाधान दिवस : जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने वाल्टरगंज व गौर थाने में कीं मामलों की सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिले में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने विवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि शिथिलता बरतने से छोटे विवाद गंभीर रूप लेते हैं।

डीएम सौम्या अग्रवाल ने भूमि संबंधी विवाद के मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर मुआयना कर प्रकरण को निस्तारित करने को कहा। भूमि संबंधी विवाद के मामलों में दोनों विभाग के संयुक्त टीम थानाध्यक्ष की ओर से बनाई जाएगी। वाल्टरगंज प्रतिनिधि के अनुसार थानाध्यक्ष दुर्विजय सिंह ने बताया कि कुल 14 मामले आए, जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि थाने पर आए प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्याओं को गंभीरता से सुने, समय रहते हुए उनका निस्तारण करें। ऐसा न करने पर आगे चलकर यही छोटी बातें बड़ी घटना का रूप ले लेती हैं, जो कानून व्यवस्था के लिए घातक होती हैं।



गौर थाने में लोगों की समस्या सुनतीं डीएम सौम्या अग्रवाल। संवाद

### आईजी ने मुंडेरवा में सुनीं समस्याएं

**मुंडेरवा।** आइजी अनिल कुमार राय थाना परिसर पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल चार मामले आए और सभी निस्तारित कर दिए गए। आईजी ने मातहतों को निर्देश दिया कि मामलों को फाइलों में दबाकर न रखें। निर्धारित समय मे समस्या निस्तारित करें। उन्होंने थाने के अभिलेखों की जांच किया। परशुरामपुर प्रतिनिधि के अनुसार समाधान दिवस पर आठ मामले आए केवल एक ही मामला निस्तारित हो पाया। मौके के पर नायब तहसीलदार निखिलेश कुमार, थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे। पैकोलिया प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम हरैया सुखबीर सिंह और सीओ शेषमणि उपाध्याय ने फरियादियों की समस्याएं सुना। कुल 11 मामले आए जिसमें आठ राजस्व और तीन पुलिस से संबंधित थे। पांच मामलों को निस्तारित करने के लिए मौके पर पुलिस व राजस्व टीम भेजी गई। कलवारी प्रतिनिधि के अनुसार थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में सात फरियादियों ने शिकायत किया लेकिन किसी मामले में समाधान नहीं किया जा सका। दोपहर में पहुंचे एसडीएम सदर पवन जायसवाल करीब दो घंटे तक समस्याएं सुना। नगर बाजार प्रतिनिधि के अनुसार राजस्व से संबंधित सात मामले आए जिसमें एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार कोरी, एसआई संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# सवा किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने शनिवार को कलंदरहा पावड़ तिराहे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बद्दरपुर गांव निवासी दयाशंकर गुप्ता के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

सव
विक्रम
व्यक्ति
के बद्
उसके
आलोक
एनडीपी

# चोरी के मोबाइल फोन ऑनलाइन बेचने वाले गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

## 18 मोबाइल फोन, आभूषण व तमंचा बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** राहगीरों से मोबाइल फोन छीनकर उसे ऑनलाइन बेचने वाले अंतर जनपदीय गिरोह के दो शातिरों को पुलिस ने शनिवार सुबह चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 18 मोबाइल फोन, बंद घरों से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण, तमंचा-कारतूस और बाइक बरामद हुई।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मोबाइल फोन की छिनैती और बंद घरों में हो रही चोरियों के पर्दाफाश के लिए स्वॉट टीम को लगाया गया था। शनिवार की सुबह मुखबिर ने सूचना दी कि ऐसे ही एक गिरोह के कुछ गुर्गे चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास हैं। सूचना पर स्वॉट टीम और पुरानी बस्ती पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग की, लेकिन गोली किसी को नहीं लगी। किसी तरह दो बदमाशों को पकड़ा गया। उनकी पहचान रामजी मिश्रा निवासी ग्राम नरथरी थाना रुधौली व मो. सलीम निवासी ग्राम भुसुड़ी उर्फ रामनगर थाना रुधौली के रूप में हुई। गिरोह के फरार साथी की पहचान अलाउद्दीन उर्फ रिंकू निवासी ग्राम भुसुड़ी उर्फ रामनगर के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि तीनों दोस्त हैं। बस्ती व संतकबीरनगर में अलग-अलग स्थानों पर फोन पर बात करते राहगीरों से उनका मोबाइल फोन छीन लेते हैं। बाद में उसे ओएलएक्स पर डाल देते हैं। इससे मिले रकम को आपस में बांट लेते हैं। बरामद जेवरात के बारे में पूछे जाने पर बताया कि अप्रैल में मड़वानगर गांव के एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। यहां कुछ नकदी भी मिली थी।

### बंद घरों में भी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है गिरोह

# आरपीएफ टीम ने छापा मारकर रेलवे टिकट दलाल को पकड़ा

**बस्ती।** आरपीएफ टीम ने रेलवे बोर्ड की शिकायत पर शनिवार को मुंडेरवा के नगरा में छापा मारकर रेलवे टिकट के एक दलाल को गिरफ्तार किया। उसके पास से 56 हजार 622 रुपये के ई-टिकट बरामद हुए। रेलवे बोर्ड ने आरपीएफ को सूचना दी थी कि पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर रेलवे का ई-टिकट बनाया गया है।

सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव, एसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मृत्युंजय सिंह, कांस्टेबल इंद्रजीत गिरी, कृष्णमोहन पाठक, अपराध सूचना शाखा गोरखपुर के निरीक्षक दसरथ प्रसाद, लक्ष्मीशंकर यादव और विनोद कुमार की टीम के साथ बस्ती सर्विलांस टीम के कांस्टेबल जीतेंद्र यादव, संतोष व जनार्दन ने मोहम्मद हलीम निवासी नगरा को गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव ने बताया कि हलीम दुकान पर टिकट और रिचार्ज के लिए आए ग्राहकों के मोबाइल फोन पर ओटीपी लेकर आईआरसीटीसी की आईडी बना लेता था और बचाव के लिए टिकट बनाते समय यात्री के मोबाइल नंबर के स्थान पर रेंडम कोई भी नंबर डाल देता था। गलती से उसने यूपी पुलिस के उच्चाधिकारी का नंबर डाल दिया था। बताया कि एक साल के बैंक डिटेल, पेटीएम, लैपटॉप व गूगलपे का डिटेल चेक करने के बाद उसके टिकट दलाली में संलिप्तता के अलावा अन्य कोई अपराध नहीं पाया गया।

### पुलिस अधिकारी के मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर निकाला टिकट

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

## पीएम मोदी के कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा लेने

# आज आएंगे सीएम







नवनिर्मित मेडिकल कालेज, बैरीकेटिंग करते कर्मी, कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते सांसद, डीएम व एसपी।

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा लेने के लिए 25 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सिद्धार्थनगर आ रहे है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सकुशल व शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर पुलिस लाइन में 11 बजे उतरेगा। 11.15 बजे से 11.30 बजे तक वे मेडिकल कालेज का निरीक्षण व प्रेस वार्ता करेंगे। उसके बाद वे कार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल बीएसए ग्राउंड में पहुँचेंगे। 12 बजे से 12 बजकर 25 मिनट तक मुख्यमंत्री पुलिस लाइन स्थित सभागार में बैठक करेंगे। उसके बाद अगले कार्यक्रम के लिए सिद्धार्थनगर से रवाना हो जायेंगे। मुख्यमंत्री के जनपद भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए ड्यूटी में लगाए गए पुलिस बल को जिलाधिकारी दीपक मीणा व नवागत पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने लोहिया कला भवन में ब्रीफिंग किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पत्रकार बन्धुओ के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था डीआईओएस कार्यालय के पास की गई है। मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम मे 3 अपर पुलिस अधीक्षक,10 पुलिस उपाधीक्षक, 21 निरीक्षक, 125 उप निरीक्षक, 215 मुख्य आरक्षी, 348 आरक्षी, 35 महिला आरक्षी व एसी जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। बताते चले कि 30 जुलाई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुद्ध भूमि सिद्धार्थनगर भारतीय जनता पार्टी के पहले प्रदेश अध्यक्ष पंडित माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर बने मेडिकल कालेज के उद्घाटन करने आ रहे है, पीएम मोदी इस धरती से प्रदेश के 8 और जिले में नव निर्मित मेडिकल कालेज का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले सांसद जगदम्बिका पाल ने जिलाधिकारी दीपक मीणा, नवागत पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सीएम के कार्यक्रम के मद्देजर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से अशोक मार्ग पर जगह-जगह बैरिकेटिंग किया जा रहा है, युद्ध स्तर पर साफ सफाई कराया जा रहा है। पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल को जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले सरकारी कार्यालयों के रंग रोगन कराया जा रहा है। पीएम मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा अशोक कुमार ने शनिवार को नवनिर्मित मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया तथा प्राचार्य से तैयारी संबंधित जानकारी लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव, एसपी डा. यशवीर सिंह, सीएमओ डा. संदीप चौधरी, आदि मौजूद रहे।

**11 बजे पुलिस लाइन में उतरेगा मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर**

**पुलिस लाइन से सीधे मेडिकल कालेज व कार्यक्रम स्थल बीएसए ग्राउंड का निरीक्षण करने पहुचेंगे सीएम योगी**

**पत्रकारों से वार्ता करने के उपरान्त पुलिस लाइन में अधिकारियों संग करेंगे बैठक**

**जिले में डेढ घण्टे रहेंगे मुख्यमंत्री, सुरक्षा व्यवस्था के किये गए है पुख्ता इंतजाम**



मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा अशोक कुमार।

# नवागत पुलिस अधीक्षक यशबीर सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

**सिद्धार्थनगर।** नवागत पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करते हुए वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए है। पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी को शासन ने गुरुवार की देर को तबादला कर दिया। उनके स्थान पर जालौन के पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह को नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।



वे वर्ष 2013 बैच के आईपीएस हैं। राम अभिलाष त्रिपाठी को यहां से पुलिस अधीक्षक अभिसूचना गोरखपुर के पद पर भेजा गया है। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक सिंह 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। यह मूल रूप से हरिद्वार के रायसी गांव के रहने वाले हैं। शुक्रवार की देर शाम को नवागत पुलिस अधीक्षक ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवागत पुलिस अधीक्षक यशबीर सिंह का अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

# महिला का जीवन बचाने के लिए एलआईयू कर्मी रंजय सिंह ने किया रक्तदान

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** सच ही कहा गया है, इंसान को केवल अपने लिए ही नही औरों के लिए भी जीना सीखना चहिये, अगर कोई दुःखी है, परेशान है, तो उसकी मदद्द करनी चाहिए, कुछ ऐसा ही नेक कार्य एक जरूरतमंद के लिए अपना रक्तदान कर, मानवता की मिसाल पेश किया है,पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात एलआईयू कर्मी रंजय सिंह ने, उनके इस नेक कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है। एक निजी हासिप्टल में भर्ती एक महिला के पैर के कूल्हे का अपरेशन होना था, जिस महिला का अपरेशन होना था, उसका हीमोग्लोबिन काफी कम था। डाक्टरो ने ब्लड चढ़ाने की सलाह दी थी। ब्लड के लिए महिला के परिजन काफी परेशान रहे, जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थानीय अभिसूचना इकाई पद विंग तैनात रंजय सिंह को हुई, तो वह बिना देरी किए उस जरूरतमंद के लिए रक्तदान करने के लिए जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुँच गए और अपना रक्तदान करके महिला के जीवन की सुरक्षा में अपना योगदान देते हुए मानवता की जो मिशाल पेश की है, उसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। रक्तदान करने के उपरांत रंजय सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ब्लड के अभाव में किसी की जान न जाने पाए इसके लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए।

# तस्करी रोकथाम को हुई चेकिंग

बानगंगा (एसएनबी)। प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ राजेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी कोटिया सूर्य प्रकाश सिंह मय हमराह हेड का. राम मिलन पासवान, का. संदीप यादव, का. अशोक यादव व एसएसबी चौकी कोटिया सोहन सिंह मय एसएसबी टीम के साथ प्रधानमंत्री के सिद्धार्थनगर आगमन पर सुरक्षा की दृष्टि से अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए व रोकथाम तस्करी के लिए सघन चेकिंग व तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।



बीएसए ग्राउंड पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए बनाए जा रहे पंडाल का शनिवार को निरीक्षण करते सांसद जगदंबिका पाल, डीएम दीपक मीणा, एसपी यशवीर सिंह।

# पीएम के दौरे को लेकर बॉर्डर पर बढ़ी सतर्कता

खुनुवा | **हिन्दुस्तान संवाद**

## अलर्ट

- एसएसबी व सीमाई क्षेत्र की पुलिस फोर्स की निगहबानी बढ़ी
- जिले के उत्तर में सटी है नेपाल की 68 किमी लंबी खुली सीमा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 जुलाई के आगमन को लेकर इंडो-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ गई है। एसएसबी व सिविल पुलिस के जवान गश्त कर सीमा पर नजर रख रहे हैं।

खुनुवा बार्डर पर सशस्त्र सीमा बल खुनुवा चौकी प्रभारी कुणाल सिंह व सिविल पुलिस चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव के साथ सुरक्षा जवानों ने संयुक्त रूप से सीमा पर गश्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनपद में आगमन को लेकर सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा जवानों ने पहरेदारी बढ़ा दी है। सुरक्षा की दृष्टि से भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के मुख्य मार्गों समेत परंपरागत और गैरपरंपरागत रास्तों पर सुरक्षा जवान अपनी पैनी नजर जमाए हुए हैं। रास्ते से आने-जाने वाले सभी लोगों की चेकिंग के बाद ही सुरक्षा जवान उन्हें आगे बढ़ने दे रहे हैं। गैरपरंपरागत रास्तों से भी गुजरने वालों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। सशस्त्र सीमा बल चौकी प्रभारी खुनुवा कुनाल सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल की खुली सीमा होने की वजह से सुरक्षा जवानों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य हमेशा बना रहता है। सीमावर्ती क्षेत्र से आने-जाने वाले सभी लोगों पर सुरक्षा जवान चौबीस घंटे नजर रख रहे हैं।

# सीएम योगी के आगमन पर कड़ी रहेगी सुरक्षा

सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले के दौरे पर शनिवार को आ रहे हैं। वह 30 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित आगमन की हो रही तैयारियों का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बैरीकेडिंग से लेकर फोर्स की ड्यूटी लगाई जा रही है।

मुख्यमंत्री डेढ घंटे जिले में रहेंगे। वह पुलिस लाइंस में हेलीकाप्टर से उतरेंगे। वहां पर बने हेलीपैड से लेकर पूरे परिसर में फोर्स तैनात रहेगी क्योंकि वह पुलिस लाइंस सभागार में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल, मेडिकल कॉलेज जाएंगे वहां पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल व मेडिकल कॉलेज का सिर्फ निरीक्षण करेंगे इससे आम लोगों की जुटान भी नहीं हो सकेगी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रेस के अतिरिक्त किसी और को जाने की इजाजत नहीं होगी। प्रशासन ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए पुलिस लाइंस के अंदर तो बैरीकेडिंग कराई ही है अशोक मार्ग पर पुलिस लाइंस से लेकर मेडिकल कॉलेज व बीएसए ग्राउंड पर सड़क के दोनों ओर बैरीकेडिंग की जा रही है जिससे जब उनका काफिला गुजरे कोई और प्रवेश न कर सके।



जिला जेल के सामने से पंडाल तक बन रही इंटर लॉकिंग सड़क।

**मुख्यमंत्री की सुरक्षा में ये रहेंगे तैनात**
: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में तीन एडिशनल एसपी, 11 सीओ, 19 इंस्पेक्टर, 250 सब इंस्पेक्टर, 600 हेड// कांस्टेबल व 100 सिविल वर्दी में पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। जिनकी जहां ड्यूटी होगी उन्हें तब तक अपना स्थान नहीं छोड़ना होगा जब मुख्यमंत्री का प्रस्थान नहीं होगा।

सीएम की सुरक्षा को लेकर फोर्स की ब्रीफिंग कर दी गई है। कहां किसे डयूटी करनी है इसकी जानकारी उन्हें दी जाएगी। सीएम जहां पर भी जाएंगे वहां पर सुरक्षा के पोख्ता इंतजाम होंगे।

**सुरेश चंद्र रावत**, एएसपी

# स्वर्ण व्यवसायी दुकानों में लगवाएं सीसी कैमरा

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर :** पुलिस अधिकारियों एवं स्वर्ण व्यापारी संघ के लोगों की थाना परिसर में बैठक हुई। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी व्यवसायी अपनी दुकानों में सीसी कैमरा लगवाएं ताकि हर आने-जाने वालों पर नजर रखी जा सके। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार राय ने कहा कि जिनके यहां सीसी कैमरे नहीं लगें हैं, वह इसको तत्काल लगवा लें, जिनके यहां लगी है, वह डीपीआर को सुरक्षित जगह पर रखें। समय-समय पर उसकी देखरेख भी करते रहें। वर्तमान समय में साइबर क्राइम को देखते हुए अपने डाटा को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। ओटीपी के लेनदेन में सावधानी बरतें, फाल्स काल तथा एसएमएस से सावधान रहें। कहीं किसी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत इसकी जानकारी प्रशासन को दें अथवा तत्काल हेल्पलाइन नंबर की सहायता लें। दुकानों पर आने वाले लोगों का कर्मचारियों को कोविड नियमों का पालन करने को कहें।

# आरक्षी ने किया रक्तदान तो हुआ महिला का ऑपरेशन

## सोशल मीडिया पर रक्त के अभाव में ऑपरेशन न हो पाने की सूचना पर रंजय सिंह पहुंचे अस्पताल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** मानवता सबसे बड़ा धर्म है। यह सभी रिश्ते-नातों से बड़ा होता है। ऐसी ही मिसाल शनिवार को जिले में तैनात आरक्षी ने पेश की है। सोशल मीडिया पर रक्त के अभाव में ऑपरेशन न हो पाने की जानकारी मिलने के बाद आरक्षी रंजय अस्पताल पहुंचे और महिला को रक्त दिया। जिसके बाद उनका ऑपरेशन हो सका।

**महिला महराजगंज और रक्तदाता आरक्षी कुशीनगर जनपद के निवासी**

सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हुई कि महराजगंज जिले के फरेंदा क्षेत्र के निरालानगर की लता देवी नाम की एक महिला जो वृद्ध हैं। गिरने के कारण उनके कमर की हड्डी टूट गई है। ऑपरेशन होना है, लेकिन ब्लड न होने से ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस की एलआईयू विंग में तैनात आरक्षी रंजय सिंह को लगी।

उन्होंने पोस्ट करने वाले व्यक्ति से बात की। परेशानी को समझा और बिना देरी लगाए बीपीएल अस्पताल पहुंच गए और रक्तदान किया। पुलिसकर्मी के इस कार्य की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। आरक्षी रंजय सिंह ने बताया कि ब्लड बिना ऑपरेशन नहीं हो पा रहा था। आरक्षी रंजय मूलरूप से कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के हरैंया बुजुर्ग गांव के निवासी हैं।

# पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का आज सीएम लेंगे जायजा

## बीएसए ग्राउंड पर होने वाले कार्यक्रम के लिए दिन-रात चल रहा है कार्य



पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का शनिवार को सांसद जगदंबिका पाल ने जायजा लिया। संवाद



बीएसए ग्राउंड पर हैलीपैड बनाते मजदूर। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 जुलाई को मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन कार्यक्रम और जनसभा की तैयारी जोर-शोर से चल रहीं हैं। कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को जिले में आएंगे। कार्यक्रम स्थल पर मंच, दर्शक दीर्घा और हेलीपैड निर्माण समेत रूट पर सुरक्षा की तैयारी रात दिन की जा रही है।

बीएसए ग्राउंड में आयोजित होने वाले की तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में सीएम जिले में एक घंटे 15 मिनट मौजूद रहेंगे। शासन स्तर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर 11 बजे पुलिस लाइंस स्थित हेलीपैड पर पहुंचेगा।

इसके बाद 11.15 बजे से 11.30 बजे के मध्य निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करेंगे। वहां के बाद 11.35 बजे से 11.50 बजे तक बीएसए ग्राउंड में बन रहे मंच, पंडाल और हेलीपैड का निरीक्षण करेंगे। 12.10 बजे से 12.25 तक पुलिस लाइंस के मीटिंग हाल में समीक्षा बैठक करेंगे। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। कार्यक्रम स्थल पर रात और दिन दोनों पालियों में तैयारी चल रही है।

### सड़क पर दोनों ओर रहेगी बैरिकेडिंग और पांच फीट ऊंची जाली

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस सड़क मार्ग से जाएंगे, उसके दोनों ओर बैरिकेडिंग के साथ पांच फीट ऊंची लोहे की जाली लगाई जा रही है। जिससे काफिला जाए तो कोई भी व्यवधान उत्पन्न होने की गुंजाइश न रहे। यह सुरक्षा घेरा तैयार करने के लिए कार्यक्रम स्थल बीएसए ग्राउंड से मेडिकल कॉलेज के आगे पुलिस लाइंस तक दो सौ अधिक श्रमिक कार्य में लगे हुए हैं। इस एक किमी की दूरी के सड़क मार्ग से प्रधानमंत्री का काफिला जाएगा। सड़क के दोनों ओर लोहे की पांच फीट ऊंची जाली लगाई जानी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार 50 क्विंटल लोहे की जाली खरीदी जा रही है।

### कार्यक्रम स्थल पर उतरेगा पीएम का हेलीकॉप्टर

पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे तीन हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सेना के हेलीकाप्टर उतरेंगे। वहीं पुलिस लाइंस के हेलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर उतरने की संभावना है। बीएसए ग्राउंड में स्थित हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे बारिश होने पर भी वाहनों के आवागमन में दिक्कत नहीं हो।

### ए पॉजिटिव है पीएम का ब्लड ग्रुप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 जुलाई को जनपद आगमन पर उनके ब्लड ग्रुप को लेकर स्वास्थ्य महकमा चौकन्ना है। पीएम का ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव है, ऐसे में ब्लड बैंक में उनके ग्रुप का ब्लड रिजर्व कर लिया गया है। ब्लड बैंक के वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीएम के साथ ही सीएम योगी आदित्य नाथ के ब्लड ग्रुप एबी का भी ब्लड सुरक्षित रखा गया है।

### पंचशील स्मारिका का विमोचन भी संभव

जनपद स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कपिलवस्तु महोत्सव में प्रकाशित होने वाले पंचशील स्मारिका 2020-2021 का अब तक विमोचन नहीं हो सका था। ऐसे में बुद्ध धरा पर आ रहे प्रधानमंत्री के हाथों स्मारिका का विमोचन कराने की भी तैयारी हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि विमोचन का कोई कार्यक्रम नहीं है। संभावनाओं के आधार पर तैयारियां की जा रहीं हैं।

# चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था : एसपी

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री के रविवार को जिले में होने वाले आगमन को देखते हुए शनिवार को लोहिया कला भवन में एसपी डॉ. यशवीर सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक हुई। एसपी ने मुख्यमंत्री के जनपद आगमन की ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को उनके ड्यूटी प्वाइंट के बारे में बिंदुवार जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। मीडिया के लिए विशेष पार्किंग की व्यवस्था डीआईओएस कार्यालय के पास की गई है। इसके बाद सभी सीओ का नंबर ड्यूटी में लगे कर्मियों को बताएं। डीएम दीपक मीणा ने ड्यूटी के लिए आवश्यक तथ्यों से अवगत कराकर ड्यूटी हेतु प्रोत्साहित किया गया। एएसपी सुरेशचंद रावत, सीओ सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह, सीओ शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, सीओ बांसी अरुनचंद, सीओ डुमरियागंज अजय श्रीवास्तव, सीओ इटवा रमेशचंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

**छावनी में तब्दील रहेगा हाईडिल तिराहा से साड़ी तिराहा :** सीएम के निरीक्षण कार्यक्रम में तीन एएसपी, 10 सीओ, 21 उपनिरीक्षक, 125 उपनिरीक्षक, 215 हेड कांस्टेबल, 348 आरक्षी, 35 महिला आरक्षी और पीएसी के जवान तैनात रहेंगे। हाईडिल तिराहा से साड़ी तिराहा तक पुलिस छावनी में तब्दील रहेगा। निरीक्षण संपन्न होने तक किसी को इधर- उधर नहीं जाने दिया गया।

**कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण:** नवागत पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने शनिवार दोपहर 12.30 बजे प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस लाइंस में हो रहीं तैयारियों की उन्होंने जानकारी ली।

# नेपाल सीमा पर अलर्ट, संदिग्धों से हो रही पूछताछ

**जिले से सटी 68 किलोमीटर लंबी नेपाल सीमा पर सतर्क हुई पांच थानों की पुलिस**

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। सीमावर्ती पांच थानों की पुलिस के अलावा सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं हैं। सीमापार से हर आने- आने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध दिखने वालों का नाम, पता और आने का कारण जनाने के बाद ही सीमा में प्रवेश करने दिया जा रहा है। इसके अलावा बार्डर पर कई अन्य टीमें अपने स्तर से जांच में लगी हुई है।

जिले से सटी 68 किलोमीटर लंबी नेपाल सीमा पूरी तरह से खुली हुई है। देश विरोधी गतिविधियों को देखते हुए सीमा पर देश के किसी भी हिस्से अप्रिय घटना होने या फिर किसी बड़े आयोजन पर सीमा पर सतर्कता बढ़ जाती है। 30 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिले में मेडिकल कॉलेज उद्घाटन का कार्यक्रम का प्रस्तावित है। कार्यक्रम को देखते हुए सीमा पर अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

अलर्ट घोषित होने के बाद सीमावर्ती पांच थानों की पुलिस की सीमा पर 24 घंटे नजर है। पगडंडी सहित हर कच्चे, पक्के मार्ग पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां निगाह जमाए हुए हैं। पल-पल नजर रखी जा रही है। सीमापार से हर आने- जाने वालों पर नजर रखने के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। उनका नाम, पता और कहां जाना है। इसके अलावा अन्य जानकारियों को रजिस्टर किया जा रहा है। इस संबंध में एएसपी सुरेशचंद रावत ने बताया कि सीमा अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सीमावर्ती पांच थानों की पुलिस को सघन चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। लगातार सीमा पर मॉनिटरिंग की जा रही है।

**इन पांच थानों की विशेष नजर :** नेपाल से लगने वाली 68 किलोमीटर सीमा पांच थाना क्षेत्रों में पड़ती है। इसमें लोटन, मोहना, कपिलवस्तु, शोहरतगढ़ और ढेबरुआ थाना पड़ता है। इन थानों की पुलिस अलर्ट पर है। सीमा पर विशेष निगरानी रख रहे हैं।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# समाधान दिवस में 19 प्रकरणों का निस्तारण

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आज समाधान दिवस का आयोजन जनपद के समस्त थानों पर किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा दिए गए निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण किया गया। जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त प्रार्थनापत्रों में तत्काल 19 शिकायतों का निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों का शीघ्र ही भौतिक निरीक्षण कर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। वहीं पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार राय आज थाना खलीलाबाद में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे। जहां पर फरियादियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित राजस्व और पुलिस अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने समस्त पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनपद में जमीनी विवाद चिह्नित कराएं और राजस्व टीम के साथ ही पुलिस निस्तारण के लिए मौके पर जाए। साथ ही आगामी त्यौहारों के मद्देनजर विवादास्पद और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ प्रभावी तरीके से निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर हीला-हवाली क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओं से बात कर उनका सत्यापन किया कि वे शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से संतुष्ट हैं या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी शिकायतकर्ता अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करें जिससे की शिकायत निस्तारण में सहूलियत हो सके। साथ ही प्रभारी निरीक्षक खलीलाबाद को जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाय। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को परेशान न होना पड़े।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना और वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नरायण त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, इंस्पेक्टर थाना कोतवाली खलीलाबाद मनोज कुमार पाण्डेय सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



थाना कोतवाली खलीलाबाद में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार राय, साथ में डीएम दिव्या मित्तल, एसपी डॉ. कौस्तुभ, एसडीएम राज नरायण त्रिपाठी व अन्य अधिकारीगण।

# गैंगेस्टर एक्ट में दो वांछित गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा विनय कुमार पाठक, उ.नि. चन्द्रभान सिंह, हे.कां. प्रमोद कुमार सिंह, कां. शैलेन्द्र विश्वकर्मा, कां. विशाल सिंह ने गैंगेस्टर एक्ट के दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा विनय कुमार पाठक ने बताया कि वजीहुद्दीन पुत्र अब्दुल हकीम निवासी बाघनगर एवं अब्दुल हकीम पुत्र शब्बीर अहमद निवासी बाघनगर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया गया।

# दुष्कर्म के मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने धारा 376/452/323/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त इन्द्रजीत उर्फ लाला पुत्र शिवप्रसाद निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा बीते 16.07.2021 को पीड़िता के घर मे घुसकर दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी तथा पुलिस को सूचना देने से मना करते हुए जान-माल की धमकी भी दी गयी थी। जिसके संबंध मे पीड़िता द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए आज थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस उ.नि. राकेश मिश्रा, कां. संतोष यादव, कां. अनुराग ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# जानमाल की धमकी मामले में केस

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के रामपुर-दक्षिणी गांव के प्रधान प्रतिनिधि द्वारा गांव में कार्यरत रोजगार सेवक को फोन कर भद्दी-भद्दी गालियां देने के साथ ही जान से मार देने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में रोजगार सेवक ने शनिवार को धनघटा थाने पहुंचकर प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धनघटा थाना क्षेत्र के कटहा खैरगाड़ गांव निवासी सुरेश मौर्य पुत्र गंगा प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह रामपुर दक्षिणी गांव में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत है। बीते शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे रामपुर दक्षिणी गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि चन्द्रशेखर यादव पुत्र दयाराम यादव ने अपने मोबाइन नम्बर 9005543502 से उसके मोबाइल नम्बर 9695070661 पर फोन कर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी देने लगे। प्रार्थनापत्र में बताया कि उक्त चन्द्रशेखर यादव बेहद शातिर किस्म के बदमाश हैं और पूर्व में हत्या भी कर जेल भी जा चुके है। तहरीर में बताया कि आरोपी के बेहद शातिर बदमाश होने के कारण वह काफी भयभीत हो गया और फोन पर आरोपी द्वारा दी जा रही भद्दी-भद्दी गालियों एव जान से मारने के लिए दी जा रही धमकी को अपनी मोबाइल में रिकार्ड भी कर दिया है। प्रार्थनापत्र देने के साथ ही जब रोजगार सेवक ने आरोपी के रिकार्ड किए गए बातचीत को प्रभारी निरीक्षक धनघटा रोहित प्रसाद को अपनी मोबाइल से सुनाया तो प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल मुकदमा दर्ज करने का आदेश मातहतों को दे दिया। प्रार्थनापत्र के आधार पुलिस ने आरोपी चन्द्रशेखर यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने के लिए उनकी तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों पर हुई कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने एसपी डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर कई मामले में डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई किया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार एसपी के आदेश और एएसपी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने चार, दुधारा एक, महुली पांच और बेलहरकला पुलिस ने चार आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 24 जुलाई को समय 12.44 बजे थाना दुधारा पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण वजीहुद्दीन पुत्र अब्दुल हकीम व अब्दुल हकीम पुत्र शब्बीर अहमद निवासीगण बाघनगर को गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वांछित अभियुक्त नाम पता इन्द्रजीत उर्फ लाला पुत्र शिवप्रसाद निवासी मोहम्मदपुर कठार को गिरफ्तार किया।

# पुलिसकर्मियों का हुआ परीक्षण

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ कौशल के निर्देश पर रिजर्व पुलिस लाइन में मेडिकल कैम्प लगाकर पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एसपी के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य के लिए कैम्प का आयोजन पुलिस लाइन सभागार में हुआ।

# पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया

**संतकबीरनगर।** एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार एसपी के आदेश और एएसपी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस ने कार्रवाई की।

सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 144 वाहनों के स्वामियों से एक लाखा 28 हजार

# लोगों ने धार्मिक टिप्पणी का कराया पटाक्षेप

**नाथनगर।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छितही में फेसबुक पर धार्मिक टिप्पणी के मामले का शनिवार को महुली थाने पर अमन पसन्द लोगों की पहल के बाद पटाक्षेप हो गया। दोनों पक्षों द्वारा लिखित रूप से दोबारा गलती न करने की बात कहकर सुलह-समझौता भी किया गया। छितही निवासी धनीराम दास और वकास अहमद के बीच फेसबुक पर एक दूसरे के धर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट वार चला।

# चोरी गई जीप को चोर संग पकड़ा

**नाथनगर।** गोरखपुर जिले के उरुवा बाजार स्थित एक पेट्रोल पंप से तीन दिन पूर्व जीप चोरी हो गई थी। खोजबीन कर रहे वाहन स्वामी ने ग्रामीणों के सहयोग से उक्त जीप को शातिर चोर के साथ महुली क्षेत्र के नाथनगर चौराहे से पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जीप को कब्जे में लेकर शातिर चोर को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दिया है। उरुवा थाने के एसआई अनूप सिंह ने बताया कि जीप मिलने की सूचना मिलने पर महुली थाने पर पहुंचे हैं। जीप के साथ पकड़े गए युवक से पूछताछ की गई है। गोरखपुर जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम मरचा निवासी पप्पू कन्नौजिया तीन दिन पूर्व अपनी जीप को परिचित के उरुवा पेट्रोल पंप पर खड़ी कर घर चले गए वह अगले दिन जब पहुंचे तो जीप गायब थी।

# शत प्रतिशत हो शिकायतों का निस्तारण

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार राय ने शनिवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद में पहुंचकर जन सुनवाई किया। खलीलाबाद कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे आईजी ने फरियादियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को मौके पर सुना। वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। डीएम दिव्या मित्तल और एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने भी कोतवाली व महुली थाना पर पहुंचकर शिकायतों को सुना।

थाना समाधान दिवस पर शनिवार को सभी थानों पर जिम्मेदार अधिकारियों के देखरेख में लोगों के समस्या की सुनवाई हुई। कोतवाली



शनिवार को कोतवाली खलीलाबाद में जनसुनवाई करते आईजी, डीएम।

खलीलाबाद पहुंचे आईजी ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। आईजी ने कहा कि सभी शिकायतकर्ता अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करें। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नही

नाथनगर। महुली थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम दिव्या मित्तल उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान कुल 13 मामले आए जिसमे दो मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# विधायक ने दिखाई प्रचार वाहन को झंडी

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने शनिवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह को हरी झंडी दिखाया। शहर के मेंहदावल बाईपास स्थित यातायात पुलिस कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। एआरटीओ अंजनेय कुमार सिंह और टीएसआई संतोष कुमार मिश्र ने लोगों को सड़क पर चलने के दौरान यातायात नियम पालन करने की अपील किया।



शनिवार को जागरूकता के लिए निकले वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सदर विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी।

शहर के मेंहदावल बाईपास पर पहुंचे विधायक जय चौबे ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाने के दौरान यातायात नियम की अनदेखी करना जानलेवा साबित होता है। सभी लोग वाहन चलाने के दौरान नियमों को अनदेखा न करें। नियम पालन करके खुद के साथ ही अन्य लोगों को सुरक्षित रखा जा सकता है। एआरटीओ अंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि 22 से 28 जुलाई तक प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान कई कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सड़क पर चलने के दौरान यातायात नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया जाता है। छोटी-छोटी बातें जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होती है। सड़कों मार्ग के आसपास तमाम स्थानों पर संकेतक लगाए गए हैं। वाहन चालक व अन्य लोग ऐसे संकेतकों को अनदेखा न करें। जरा सी लापरवाही जन सामान्य के लिए जानलेवा साबित होती है।

# आइजी और डीएम ने सुनीं समस्याएं

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** थाना समाधान दिवस पर खलीलाबाद कोतवाली में शनिवार को आइजी अनिल कुमार राय, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं सुनीं। भूमि विवाद के मामलों में राजस्वकर्मियों की टीम बनाकर मौके पर भेजने का आदेश दिया गया। अन्य मामलों का भी प्राथमिकता के साथ निपटारा करने के लिए टीम बनी। जनपद के सभी आठ थानों पर आयोजन हुआ।



समस्या सुनते ( दाएं से) डीएम दिव्या मित्तल व आइजी अनिल राय •जागरण

कोतवाली खलीलाबाद थाना परिसर में आइजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और उप जिलाधिकारी राज नारायण त्रिपाठी ने फरियादियों से समस्याएं सुनीं। इस दौरान संबंधित राजस्व टीम के साथ मिलकर पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। आइजी ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध में फीडबैक भी लिया।

# आईजी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## शनिवार को सभी थानों पर आयोजित किया गया समाधान दिवस

अमर उजाला ब्यूरो



समाधान दिवस पर कोतवाली में फरियादियों की समस्या सुनतीं डीएम और एसपी। संवाद

**संतकबीरनगर।** शनिवार को सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कोतवाली में आईजी अनिल राय ने पहुंच कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। आईजी ने जमीन संबंधी विवाद के निपटारे के लिए मौके पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को भेजे जाने के निर्देश दिए।

कोतवाली में डीएम दिव्या मित्तल और एसपी डॉक्टर कौस्तुभ फरियादियों की फरियाद सुन रहे थे। उसी दौरान आईजी अनिल राय पहुंच गए। आईजी ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जमीन संबंधी विवादों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाने के निर्देश दिए। शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। ताकि आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकीं शिकायतों के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। धनघटा प्रतिनिधि के अनुसार महुली थाने पर आयोजित समाधान दिवस में पहुंची डीएम दिव्या मित्तल ने लोगों की समस्याएं सुनीं। डीएम ने समस्याओं का निस्तारण कराने का फरियादियों को भरोसा दिया। इस दौरान एसडीएम योगेश्वर सिंह व एसओ धर्मेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। इसी तरह धनघटा, दुधारा, बखिरा, बेलहर, मेंहदावल और धर्मसिंहवा थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# बगैर मास्क पकड़े गए 13 लोगों से वसूला जुर्माना

**संतकबीरनगर।** बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत शनिवार को पुलिस ने 13 लोगों को पकड़ा। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि बिना मास्क के घूमते 13 लोग पकड़े गए।

**नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस करेगी कार्रवाई**

इनसे पुलिस ने 1500 रुपये जुर्माना वसूल किया। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर कत्तई न निकलें। दो गज की दूरी बनाए रखें और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करते रहें।

नियमों का पालन करके ही कोरोना से जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। ब्यूरो

# गैंगस्टर के दो आरोपियों को जेल

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसओ विनय पाठक ने बताया कि चार महीने पूर्व बाघनगर स्थित स्टेट बैंक में उच्च गुणवत्ता के 80 हजार रुपये जाली नोट बरामद हुए थे। इस मामले में चार आरोपियों को जेल भेजा गया था। जो बाद में जमानत पर छूट गए थे। लोकहित के दृष्टिगत चार आरोपियों पर डीएम के आदेश के बाद दो दिन पूर्व गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में वांछित वजीहुद्दीन और अब्दुल हकीम निवासी बाघनगर थाना दुधारा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। ब्यूरो

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

## देसी पिस्टल के साथ धराया

गोण्डा। पुलिस ने देसी पिस्टल के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी के पास से एक कारतूस भी बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान केशवपुर पहड़वा निवासी शनि जायसवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उपनिरीक्षक ऋषिमणि टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ा गया है।

# दो आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। कटरा बाजार पुलिस ने डीजल चोर गिरोह के अंगद तिवारी व राजीव भारती को गिरफ्तार कर लिया है।

# वाहन चालकों को जागरूक किया गया

## सड़क सुरक्षा सप्ताह

गोण्डा | संवाददाता

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को आरटीओ विभाग व यातायात विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया गया। सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम की अगुवाई में विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया।

शहर में एलबीएस चौराहे, गुरुनानक चौक, बड़गांव सहित कई अन्य स्थानों पर चलाए गए अभियान में 49 से 73500 रुपए का ई-चालान किया गया। बिना हेलमेट, तीन सवारी प्रतिबंधित हूटर, सीट बेल्ट व शीशों पर काली फिल्म लगे वाहनों पर विभाग की विशेष नजर रही। सीओ ने सड़क पर वाहन चला रहे लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुक किया। अभियान में ट्रैफिक इंस्पेक्टर अभिनव प्रताप सिंह व यातायात टीम रही।



शनिवार को एलबीएस चौराहे पर वाहनों की चेकिंग करते टीआई व यातायात कर्मी

**आरटीओ विभाग ने चलाया अभियान :** आरटीओ विभाग की ओर से एआरटीओ बबिता वर्मा की अगुवाई में आरआई संजय कुमार व विभागीय कर्मियों ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अधिकारियों ने 48 वाहनों की चेकिंग की और 14 वाहनों का चालान भी किया। आरटीओ कार्यालय आए वाहन स्वामियों को प्रदूषण जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 25 वाहन स्वामियों ने वाहनों की प्रदूषण जांच भी कराई।

CS Scanned with CamScanner

# अतिक्रमण से निजात के लिए पुलिस की पहल शुरू

**बैठक**

**गोण्डा | संवाददाता**

पुलिस कार्यालय में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बैठक की। पदाधिकारियों द्वारा शहर क्षेत्र के अंदर कुछ स्थानों पर जाम की स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का सुझाव दिया।

पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को पटरी दुकानदारों का सत्यापन करने व बिना रजिस्ट्रेशन वाले दुकानदारों को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया। साथ ही जाम वाले स्थानों पर पटरी दुकानदारों को चिन्हित स्थानों पर ही ठेला/ दुकान लगवाने के लिए भी बताया। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने समस्त पदाधिकारियों को सलाह दी कि समस्त दुकानदार अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। बैठक में अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर व्यापारियों की सहमति ली गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक एलआईयू, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व जनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

## एक नजर में

### देशी पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

**गोंडा :** कोतवाली पुलिस ने केशवपुर पहड़वा निवासी शनि जायसवाल को एक देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं डुमरियाडीह निवासी राम जियावन को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। (संसू)

### बैट्री चोरी में दो गिरफ्तार

**गोंडा :** टॉवर की बैट्री चोरी करने के दो आरोपित को इटियाथोक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक राजेश कुमार पांड्ेय ने बताया कि अरार पाकड़ निवासी विजय पांड्ेय व विपुल तिवारी को दो बैट्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# अनाज कालाबाजरी में संगम ट्रांसपोर्ट समेत तीन पर मुकदमा

**संसू, गोंडा :** बीते दिन एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में रास्ते में दो ट्रकों से अनाज की बोरी उतारे जाने की बात सामने आई थी। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए डीएम मार्कण्डेय शाही ने इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की थी। सिटी मजिस्ट्रेट, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को टीम में शामिल किया गया था। टीम ने पूरे प्रकरण की जांच की। मनकापुर, छपिया व बभनजोत ब्लाक गोदाम को जाने वाले खाद्यान्न की जांच की गई। जांच में बभनजोत ब्लॉक गोदाम को जाने दो ट्रकों में छह बोरी खाद्यान्न कम पाया गया। छह बोरी खाद्यान्न ट्रक से दर्जीकुआं के पास उतारे जाने का मामला सामने आया। इस पर बभनजोत के विपणन निरीक्षक जितेंद्र प्रताप की तहरीर पर ट्रक चालक आशीष कुमार निवासी भवानीपुर मुजेहना, अरविंद कुमार निवासी जोगीजोत धानेपुर व प्रयागराज के जार्ज टाउन ई-लिडिल रोड के संगम ट्रांस के मालिक के खिलाफ मुकदमा किया गया है। देहात कोतवाल संतोष तिवारी ने बताया कि मुकदमा कर जांच की जा रही है।

# वाहनों से डीजल चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**संसू, गोंडा:** वाहनों से डीजल चोरी करने के मामले में कटरा बाजार पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि कटरा बाजार के उपनिरीक्षक वशी अहमद ने डीजल चोरी करने के आरोपित देहात कोतवाली के ढोहरास निवासी अंगद तिवारी व इमरती विसेन निवासी राजू भारती को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 35 लीटर डीजल, अवैध तमंचा व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि आरोपित खड़े वाहनों से डीजल की चोरी करते थे।

# लेखपाल को कारण बताओ नोटिस

## जिलाधिकारी ने रोका किया वेतन **समाधान दिवस** में गैर हाजिर मिली

**जागरण टीम, गोंडा :** शनिवार को जिलेभर में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने धानेपुर व कोतवाली इटियाथोक का निरीक्षण किया। फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। माफी पुरवा की लेखपाल सुप्रिया सिंह गैर हाजिर मिलीं। जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल का वेतन बाधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

माफीपुरवा जैतापुर निवासिनी राजवन्ती ने बताया कि उसकी जमीन पर स्वयं विक्रेता ही कब्जा नहीं दे रहा है। इस मामले में डीएम ने राजस्व निरीक्षक व थानाध्यक्ष को मामले का निस्तारण कराने के आदेश दिए। ग्राम मेई दूबे में चरागाह व खलिहान की जमीन पर फसल लगी होने व पक्का मकान बना लेने की शिकायत की गई। इस पर डीएम ने नायब तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी है। पुलिस अधीक्षक ने लंबित शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित कर रिपोर्ट देने के निर्देश थानाध्यक्षों को दिए हैं। आकाश सिंह समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



समाधान दिवस में सुनवाई करते अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ● जागरण



धानेपुर थाने में जनसुनवाई करते डीएम मार्कण्डेय शाही व एसपी संतोष कुमार मिश्र ● जागरण

### गैरहाजिर मिले अफसर और कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब

**संसू, गोंडा:** औचक निरीक्षण में गैरहाजिर मिले अधिकारियों व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण तलब किया गया है। परिसर में गंदगी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने शनिवार को विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय परिसर में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। अभिलेखों का रखरखाव ठीक नहीं पाया गया। औचक निरीक्षण में 22 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण तलब किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बाल विकास परियोजना शहर व पंडरीकृपाल का औचक निरीक्षण किया। पंडरीकृपाल में प्रभारी सीडीपीओ अनुपस्थित मिलीं। स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। शहर में संचालित कार्यालय को किसी दूसरे भवन में स्थानांतरित करने के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी से प्रस्ताव मांगा गया है।

# इस सावन नहीं खुलेंगे पृथ्वीनाथ के कपाट

संवाद न्यूज एजेंसी

**खरगूपुर (गोंडा)।** प्राचीन काल का पौराणिक पृथ्वीनाथ शिव मंदिर में सावन माह के अवसर पर एक माह तक चलने वाला मेला इस बार कोविड 19 को लेकर नहीं लगेगा। साथ ही मन्दिर भी एक माह तक बंद रहेगा। यहाँ नित्य बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु विशाल शिवलाट पर जलाभिषेक व पूजन-अर्चन करने आते थे।

खरगूपुर नगर पंचायत से तीन किलोमीटर पश्चिम स्थित पृथ्वीनाथ मन्दिर है। मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान भीम ने शिवलिंग की स्थापना की थी। यह शिवलिंग प्राचीन काल की बताई जाती है। मन्दिर में स्थापित साढ़े पांच फुट ऊँचा शिवलिंग काले-कसौटे दुर्लभ पत्थरों से निर्मित है। टीले पर स्थित इस मंदिर के बारे में जानकारों का कहना है कि मुगल सम्राट काल में उनके एक सेनापति ने पूजा-अर्चना की और मंदिर का जीर्णोद्धार कराया।

भीम द्वारा स्थापित यह शिवलिंग धीरे-धीरे जमीन में समा गया। कालांतर में खरगूपुर के राजा गुमान सिंह की अनुमति से यहाँ के निवासी पृथ्वी सिंह ने मकान निर्माण के लिए खोदाई शुरू करायी। उसी रात स्वप्न में पता चला कि नीचे सात खण्डों का शिव दबा हुआ है। इसके बाद पृथ्वी सिंह ने पूरे टीले की पुनः खोदाई करायी, जहाँ पर एक विशाल शिवलिंग उभर कर सामने आया। उन्होंने इसके बाद हवन के उपरान्त पूजन-अर्चन शुरू कराया। तभी से इसका नाम पृथ्वीनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया और बड़ी संख्या में लोगों के आस्था का केंद्र बन गया। बताया जाता है कि लगभग तीन दशक पूर्व तत्कालीन सांसद आनंद सिंह के पत्र पर पुरातत्व विभाग की जांच में पाया गया कि उक्त मंदिर में स्थित शिवलिंग एशिया का सबसे बड़ा शिवलिंग है, जो पांच हजार वर्ष पूर्व महाभारत काल का है। लोगों का मानना है कि यहां सच्चे मन से दर्शन पूजन व जलाभिषेक करने से मनवांछित फल प्राप्त होता है।

## कोरोना के चलते मेला भी नहीं लगेगा



गोंडा के खरगूपुर में पृथ्वीनाथ मंदिर।

श्रावण मास के अवसर पर यहां 25 जुलाई रविवार से शुरू होकर एक माह तक मेले व जलाभिषेक कार्यक्रम चलना था। लेकिन कोविड 19 को लेकर मन्दिर के विशाल शिवलिंग पर जलाभिषेक व पूजन अर्चन का कार्यक्रम बंद रहेगा। साथ ही सावन माह में मंदिर भी बंद रहेगा। मन्दिर के मुख्य पुजारी जगदंबा प्रसाद तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु जलाभिषेक, पूजन अर्चन, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जप, श्रृंगार पूजा आदि कार्यक्रम अपने अपने घरों पर ही करें। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि मन्दिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिससे श्रद्धालु मंदिर तक न पहुंच सके।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए दो नेपाली

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : सशस्त्र सीमा बल कोयलाबास नौवीं वाहिनी के जवानों ने पेट्रोलिंग के दौरान 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो नेपालियों को दबोच लिया। आरोपितों की पहचान दांग घोड़ाही नेपाल निवासी नीरज पूना व कमल डीसी के रूप में हुई है। दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे।

एसएसबी के सहायक कमांडेंट बिरजू रजक ने बताया कि भोर करीब पांच बजे वह जवानों के साथ गश्त पर थे। कोयलाबास सीमा स्थित पिलर संख्या 37 के पास आरोपित नेपाल की ओर जाते दिखे। संदेह होने पर उन्हें रोका गया, तो दोनों भागने लगे। दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह, प्रकाश प्रभु, बीबी रेड्डी, पवन कुमार, सुरेश, अनीता, पूजा मौजूद रहीं।

# ब्राउन शुगर के साथ दो नेपाली युवक

**जरवा | संवाददाता**

भारत-नेपाल सीमा स्थित नवीं वाहिनी एसएसबी कोयलाबास चौकी के सहायक सेना नायक व जवानों ने शनिवार भोर साढ़े पांच बजे घने जंगलों में दो नेपाली युवकों को 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। वे भारत से ब्राउन शुगर खरीदकर नेपाल बिक्री के लिए ले जा रहे थे। पकड़े गए अभियुक्तों से एसएसबी जवान पूछताछ कर रहे हैं।

कायलाबास नौवीं वाहिनी चौकी के सहायक सेना नायक बिरजू रजक ने बताया कि वह उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, प्रकाश प्रभु, बीबी रेड्डी, कांस्टेबल सुशील कुमार, पवन कुमार, सुरेश व अनीत आदि जवानों के साथ नेपाल सीमा से लगे सोहेलवा जंगल में गस्त कर रहे थे। दो संदिग्ध युवकों को नेपाल की ओर जाता देखकर उन्हें रोका गया। पूछताछ में पता चला कि वे नेपाल निवासी हैं। तलाशी लेने पर उनके पास 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए कीमत बताई गई है। पकड़े गए युवकों ने ब्राउन शुगर बिक्री करने वाले कुछ भारतीय युवकों के नाम बताए हैं। सहायक सेना नायक ने बताय युवकों के नाम का ख नहीं किया जा सकता। सूत्रों की तलाश शुरू व शीघ्र ही वे भी पुलिस आए जाएंगे।

**खुली सीमा तस्**

**लाभप्रदः** भारत-नेपा सीमा तस्करों के लि साबित हो रही है। नेप की तस्करी का मामल वन्य जीवों के अवशे का, खुली सीमा का ने उठाया है। वर्ष 2 नेपाली युवक पांच वि साथ भारतीय सीमा में

# समाधान दिवस में दो भाइयों का जमीन विवाद निपटा

बलरामपुर | संवाददाता

जनपद के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर तत्काल मामले का निस्तारण कराया गया। शेष मामलों को मौके पर जाकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया।

थाना कोतवाली नगर में डीएम श्रुति व एसपी हेमंत कुटियाल ने पीड़ितों की समस्याओं को सुना। मोहल्ला खलवा में दो भाइयों के जमीनी विवाद के मामले में सुनवाई करते हुए डीएम श्रुति ने कहा कि पैतृक संपत्ति में दोनों भाइयों का बराबर अधिकार होता है। उन्होंने राजस्व निरीक्षक को पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर दोनों भाइयों के हिस्से को चिन्हित करने का निर्देश दिया।

एसपी ने दोनों भाइयों को शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए विवाद न करने की बात कही। कोतवाली नगर में जमीनी विवाद, मकान विवाद, रास्ते का विवाद सहित तमाम मामले आए। मामलों को सुनकर डीएम ने सीओ वरुण मिश्रा व तहसीलदार शेख आलमगीर को मौके पर जाकर मामले के निस्तारण की बात कही। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मानवेन्द्र पाठक ने बताया कि 12 शिकायत प्राप्त हुए थे, जिसमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अंकुर यादव, हलका लेखपाल दिनेश मिश्रा, दुस्यंत श्रीवास्तव, प्रेमचंद शर्मा, सुनील श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद थे।



थाना कोतवाली देहात में शनिवार को पीड़ितों की समस्याएं सुनतीं डीएम, एसपी व अन्य

## निस्तारण

- पीड़ितों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया गया
- कोतवाली नगर में जमीनी विवाद मकान विवाद

## जिलाधिकारी और एसपी ने लोगों की समस्याएं सुनी

थाना कोतवाली देहात में डीएम श्रुति व एसपी हेमंत कुटियाल ने पहुंचकर पीड़ितों की समस्याओं को सुना। उन्होंने समाधान दिवस में आठ मामलों का सफल निस्तारण कराया। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने बताया कि पारिवारिक, राजस्व व पुलिस संबंधित 16 शिकायतें प्राप्त हुई थी। इस अवसर पर तहसीलदार शेख आलमगीर, एसआई डीपी सिंह, एसआई उमेश सिंह, कांस्टेबल रणविजय व कांस्टेबल संजय कुमार सहित तमाम लोग मौजूद थे। इसी क्रम में थाना ललिया में उप जिलाधिकारी अरुण कुमार गौड़ की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी सदर राधारमण सिंह ने बताया कि ग्राम किला में रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में अक्सर मारपीट की घटना होती थी।

# 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए दो नेपाली

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** सशस्त्र सीमा बल कोयलाबास नौवीं वाहिनी के जवानों ने पेट्रोलिंग के दौरान 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो नेपालियों को दबोच लिया। आरोपितों की पहचान दांग घोड़ाही नेपाल निवासी नीरज पूना व कमल डीसी के रूप में हुई है। दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे।

एसएसबी के सहायक कमांडेंट बिरजू रजक ने बताया कि भोर करीब पांच बजे वह जवानों के साथ गश्त पर थे। कोयलाबास सीमा स्थित पिलर संख्या 37 के पास आरोपित नेपाल की ओर जाते दिखे। संदेह होने पर उन्हें रोका गया, तो दोनों भागने लगे। दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह, प्रकाश प्रभु, बीबी रेड्डी, पवन कुमार, सुरेश, अनीता, पूजा मौजूद रहीं।

# नगर व कोतवाली देहात में डीएम ने सुनी फरियाद

**संसू, बलरामपुर :** जन शिकायतों के तुरंत निस्तारण के लिए शनिवार को सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम श्रुति, एसपी हेमंत कुटियाल ने कोतवाली नगर व कोतवाली देहात थाने पर पहुंच कर थाना समाधान दिवस पर लोगों की फरियाद सुनी। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिया। कोतवाली देहात में 12 व नगर में छह शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

---

विद्यार्थियों के अंक निर्धारित किए हैं। कक्षा 10 निदेशक विनोद सिंह कलहंस ने बताया कि प्लस अंक अर्जित कर सफलता हासिल की है।

# डीएम-एसपी ने की समाधान दिवस में सुनवाई

**बलरामपुर।** जिले के सभी कोतवाली व थानों में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इस दौरान मौजूद पुलिस व राजस्व की टीम को मौके का मुआयना कर मामलों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया।

डीएम श्रुति व एसपी हेमंत कुटियाल ने नगर व देहात कोतवाली में समाधान दिवस के दौरान आने वाले फरियादियों के शिकायतों की सुनवाई की। डीएम व एसपी ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। शासन की मंशा है कि जन सुनवाई के मामलों में कोई लापरवाही न बरती जाए। जमीन विवाद, आपसी मकान विवाद व रास्ते को लेकर वाद विवाद के मामले सुने गए। पुलिस व राजस्व की टीम ने मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से जन शिकायतों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। नगर कोतवाली में छह और



बलरामपुर के देहात कोतवाली में फरियादियों की फरियाद सुनती डीएम श्रुति व एसपी हेमंत कुटियाल। (संवाद)

देहात कोतवाली में 12 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। इस अवसर पर सीओ सिटी वरुण मिश्र, तहसीलदार शेख आलमगीर व नायब तहसीलदार अंकुर यादव आदि मौजूद रहे। इसी तरह से कोतवाली उतरौला, गैसड़ी, जरवा, थाना महाराजगंज तराई, हरैया, ललिया, पचपेड़वा, गौरा चौराहा, सादुल्लाहनगर व रेहरा बाजार में भी समाधान दिवस के दौरान प्रभारी निरीक्षकों ने फरियादियों की शिकायतें सुनी।

अमर उजाला
मेडिकल
अन्य
दाद, खाज, खुजली

# 25 लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

गैसड़ी। एसएसबी 9वीं वाहिनी के जवानों ने गश्त के दौरान 25 लाख के स्मैक के साथ दो नेपाली तस्करों को धर दबोचा है। सहायक कमांडेंट बिरजू रजत ने शनिवार को बताया कि उनके साथ उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक प्रकाश, आरक्षी पवन कुमार व महिला आरक्षी पूजा भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे तभी दो नेपाली युवकों को 25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 25 लाख रुपये है। दोनों को जरवा कोतवाली के सुपुर्द कर दिया गया है। संवाद

# 77 वाहनों का चालान

बलरामपुर। बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग, बिना सीट बेल्ट, अनियमित नंबर प्लेट व अन्य प्रकार से यातायात नियमों के उल्लंघन में 77 वाहनों का चालान किया गया है। महिला पुलिस कर्मियों ने अभियान चलाकर वाह स्वामियों से 38300 रुपये का जुर्माना वसूला है। महिला पुलिस कर्मियों कोरोना प्रोटोकाल का उल्लंघन करने वाले 28 लोगों से 19600 रुपये जुर्माना वसूला है। संवाद

# 29 अफसरों का कटेगा एक दिन का वेतन



संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। जिले के 29 विभागों के अफसरों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। जन शिकायतों के निस्तारण में घोर लापरवाही पाए जाने पर जवाब तलब किया गया है। तीन दिन में संतोषजनक जवाब न देने पर विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

डीएम श्रुति ने शनिवार को बताया कि आम जनमानस की समस्याओं / शिकायतों का समय से निराकरण कराने के लिए आईजीआरएस पोर्टल के सभी संदर्भों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान 29 विभागों के संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में पाए गए। डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए 29 विभागों के अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने की चेतावनी जारी करते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है। समय से संतोषजनक जवाब न देने पर डीएम ने नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है। उप कृषि निदेशक के चार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां के एक, अधिशाषी अभियंता नोडल अधिकारी आईजीआरएस सिंचाई एवं जल संसाधन के चार, परियोजना अधिकारी डूडा के एक, डीएमओ के एक,

## जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जवाब तलब

## तीन दिन में संतोषजनक जवाब न देने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी

थानाध्यक्ष हरैया के एक, डीपीआरओ के एक, जिला समाज कल्याण अधिकारी के तीन, एक्सईएन नलकूप के एक, डीआईओएस के एक, ईओ नगर पालिका परिषद बलरामपुर के तीन व तहसीलदार बलरामपुर के सात प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में पाए गए है।

तहसीलदार तुलसीपुर के आठ, सहायक निदेशक मत्स्य के एक, प्रभारी चिकित्साधिकारी सीएचसी उतरौला के एक, बीईओ गैड़ास बुजुर्ग के एक, बीडीओ पचपेड़वा के दो, बीडीओ सदर के चार, बीडीओ उतरौला के पांच, सीडीपीओ पचपेड़वा के एक, सीडीपीओ सदर के एक, एडीओ पंचायत सदर के 11, एडीओ पंचायत पचपेड़वा के दो, एडीओ पंचायत उतरौला के एक व एडीओ पंचायत हरैया सतघरवा के तीन आईजीआरएस प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में पाए जाने पर डीएम ने अग्रिम आदेश तक वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है।

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई

**बहराइच।** झिंगहाघाट स्थित नानपारा बस स्टैंड पर एआरटीओ, पीटीओ, आरआई परिवहन व यातायात प्रभारी अनिल कुमार तिवारी शनिवार को बस स्टैंड यूनियन के पदाधिकारियों, चालकों, परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सभी को सड़क सुरक्षा नियमों का शपथ दिलाया गया।

ई - रिक्शा, टेम्पो, टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात सम्बन्धित नियमों का पंपलेट वितरित किया गया। इसके अलावा 10 बिना मास्क लगाए व्यक्तियों से 4 हजार रुपये नकद व 34 वाहनों से 44, 500 रुपये ऑनलाइन चालान किया गया। जिसमें 1 ऐसे वाहन का चालान किया गया, जो नो एंट्री इलाके में संचालन करते हुए पाया गया।

# बवाल काट रहा युवक गिरफ्तार

**बहराइच।** सुजौली थाने के कारीकोट के मजरे जमुनिहा में शनिवार को मध्याह्न संतोष गांव में बवाल काट रहे थे। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान ने तत्काल उपनिरीक्षक सुभाष यादव, सिपाही विनोद यादव ने संतोष को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मिहीपुरवा एसडीएम कोर्ट पर पेश किया गया है।

# कच्ची शराब बना रहे तीन लोग रंगे हाथ पकड़े गए

**बहराइच | संवाददाता**

जिलाधिकारी के कड़े निर्देश के बाद कच्ची व नेपाली शराब के विरुद्ध आबकारी व पुलिस महकमे की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। संयुक्त टीम ने ककरी गांव के बाहर दबिश देकर कच्ची शराब बना रहे तीन लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपियों पर आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा, प्रशिक्षु आबकारी सिपाही ज्योति प्रकाश यादव, सिपाही अभय कुमार सिंह व गुड्डु कुमार ने शनिवार को नानपारा कोतवाली पुलिस से सम्पर्क साधा। राजा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी सुरेश यादव, महिला उपनिरीक्षक रम्भा गुप्ता, सिपाही रघुवीर प्रसाद, रवि प्रकाश, ममता मौर्या को साथ लेकर दबिश दी। पुलिस ने ककरी गांव के बाहर कच्ची शराब बना रहे रामू, विष्णु, अनिल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मौके से 14 लीटर कच्ची शराब मिली। इसके अलावा बरामद लहन, भट्ठियां, उपकरणों आदि को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# अपहृत किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** रामगांव थाने की पुलिस ने शुक्रवार देर शाम एक सप्ताह पूर्व अपहृत की गई एक किशोरी को महिला सिपाही की मदद से बरामद किया गया है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

रामगांव थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व एक गांव से एक व्यक्ति की 13 वर्षीय बेटी का अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाने के खैड़ा गांव निवासी सरोज कुमार को नामजद कर अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कराया था। उपनिरीक्षक अमित सिंह, सिपाही संजय यादव, रिक्रूट सिपाही अनुराग सिंह ने महिला सिपाही की मदद से शुक्रवार शाम अपहृत्त किशोरी को बरामद कर लिया।

# छह अपराधी जिलाबदर

**बहराइच :** जिला मजिस्ट्रेट डा. दिनेश चंद्र ने छह अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर उन्हें छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया है। इसमें थाना मोतीपुर के ग्राम गौड़रिया के कादिल व अनवर, हरदी के पूरेहिंदू सिंह के इशहाक, बाउर उर्फ कैश मोहम्मद, पिपरी मोहन निवासी भूरे उर्फ फिरोज, रुपईडीहा के पंडितपुरवा जमुनहा बाबागंज निवासी कमलाकांत पाठक शामिल हैं। (संसू)

# अपहृत युवती 24 दिन बाद बरामद आरोपित गिरफ्तार

**संसू, बाँडी:** युवती का विशेष समुदाय के युवक ने साथियों संग 24 दिन पूर्व अपहरण कर लिया था। पुलिस ने युवती को बरामद कर एक अपहरण कर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया।

बीती एक जुलाई को फखरपुर थाना क्षेत्र के बसहिया निवासी नौशाद ने आशिक अली, रसीदा, रसीद व आसमां के साथ बौंडी निवासी युवती का अपहरण कर लिया। परिवारजन ने बेटी का अपहरण कर जबरन मतांतरण कराने का आरोप लगाते हुए घटना की नामजद तहरीर पुलिस को दी, लेकिन पुलिस पीड़ित परिवार को समाज में बदनामी का भय दिखाकर मामले को दबाती रही। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस हरकत में आई थी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर अपहरण समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को एसआइ विजय कुमार, मुख्य आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी संतोष कुमार, कमलेश यादव, महिला आरक्षी पूजा व आशा वर्मा ने युवती व एक अपहरणकर्ता को जिला मुख्यालय से बरामद कर लिया। खबर लिखे जाने तक बौंडी पुलिस युवती से पूछताछ कर रही है।

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2021

# लंबित विवेचनाओं को समय से निस्तारित करने के निर्देश

**श्रावस्ती | संवाददाता**

अपर पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को नवीन मार्डन पुलिस थाना श्रावस्ती का निरीक्षण किया। थाने पहुंचे एएसपी ने सबसे पहले विवेचकों के साथ बैठक कर थाने की अपराध समीक्षा की। अपराध समीक्षा के दौरान कुल 10 विवेचनाएं लंबित पाई गई। जिसे समय से निसतारित करने का निर्देश दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने कहा कि थाने में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाय। लोग न्याय की उम्मीद के साथ शिकायत लेकर आते हैं। पुलिस का काम है उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना। एएसपी ने प्रभारी निरीक्षक को क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने व अपराध पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमें दिन और रात्रि गश्त कर अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखें। इसके बाद एएसपी ने महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। सभी को बताया कि थाने पर जो भी महिलाएं शिकायत लेकर आएं उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुना जाय तथा शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक सहित संबंधित को अवगत कराया जाय। इसके अलावा एएसपी ने थाना कार्यालय, मेस, शस्त्र, आगंतुक कक्ष, मालखाना आदि को देखा साथ ही कार्यालय में रजिस्टरों को चेक किया। शस्त्रों, व रजिस्टरों के रखरखाव की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

राजस्व और पुलिस की टीम मौके पर जाकर समस्याओं को गम्भीरता से सुने

# शिकायतों का निस्तारण करें:डीएम

समाधान दिवस

- शनिवार को जिले के सभी थानों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन
- कोतवाली भिनगा में आयोजित दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी शिकायतें

श्रावस्ती | संवाददाता

सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में कुछ का मौके पर निस्तारण हुआ जबकि कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें भेजी गई। वहीं जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली हर छोटी बड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

कोतवाली भिनगा में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी टीके शिबु व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने लोगों की शिकायतें सुनी। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाय और समय सीमा के अन्दर उनका निराकरण भी किया जाय। भूमि संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व तथा पुलिस की टीम मौके पर जाए और समस्या का मौके पर ही निस्तारण करे। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच फरियादियों के मोबाइल पर बात करके की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

वहीं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी बड़ी सभी शिकायतों को रजिस्टर में अंकित किया जाय तथा उनका समय सीमा के अन्दर मौके पर जाकर निस्तारण किया जाय। इस मौके पर एडीएम योगानन्द पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी के साथ ही राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि मौजूद रहे। इसी तरह से इकौना थाने में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करके अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने पांच शिकायतोंका मौके पर ही निस्तारण किया। इसके अलावा शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए मातहतों को निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी महेन्द्र पाल शर्मा, प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। मल्हीपुर थाने में क्षेत्राधिकारी हौसिला प्रसाद ने समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।



शनिवार को कोतवाली भिनगा में शिकायत सुनते डीएम व एसपी।

# 'समय से करें शिकायतों का निस्तारण'

## समाधान दिवस में 47 प्रार्थना पत्र आए 21 का मौके पर किया गया निस्तारण

जागरण टीम, श्रावस्ती : भिनगा कोतवाली समेत जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 47 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से 21 का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर टीम भेजी गई है।

भिनगा कोतवाली में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम टीके शिबु ने कहा कि समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। तय समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण करें। फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। निस्तारण के गुणवत्ता की जांच फरियादियों के मोबाइल फोन पर बात कर की जाएगी। फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली भूमि विवाद की शिकायतों को क्षेत्रवार सूचीबद्ध करें। राजस्व व पुलिस की संयुक्त गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्ष पात के समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करे। समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया जाए। मौके पर जाकर निस्तारण कराया जाए। एडीएम योगानंद पांडेय, प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी मौजूद रहे। इकौना थाने में एएसपी बीसी दूबे व एसडीएम आरपी चौधरी, सोनवा थाने में सीओ एमपी शर्मा, मल्हीपुर थाने में एसडीएम प्रवेंद्र कुमार, सीओ हौसिला प्रसाद व थानाध्यक्ष दद्दन सिंह तथा सिरसिया, गिलौला व श्रावस्ती थाने में प्रभारी निरीक्षकों ने शिकायतें सुनीं।


भिनगा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम टीके शिबु (बाएं से दूसरे) व एसपी अरविंद कुमार मौर्य (बाएं) ● जागरण

प्राप्त शिकायतें और निस्तारण

| थाना | प्राप्त शिकायत | निस्तारित |
|---|---|---|
| भिनगा | 17 | 05 |
| इकौना | 08 | 03 |
| श्रावस्ती | 03 | 03 |
| मल्हीपुर | 02 | 02 |
| गिलौला | 05 | 02 |
| सोनवा | 06 | 04 |
| सिरसिया | 06 | 02 |
| कुल | 47 | 21 |

'समय
समाधान दिव
जागरण टीम, श्रावस्ती : समेत जिले के सभी समाधान दिवस का दौरान कुल 47 प्रार्थना 21 का मौके पर निस्त शिकायतों के निस्तारण टीम भेजी गई है।
भिनगा कोतवाली की अध्यक्षता करते शिबु ने कहा कि समा फरियादियों की समस से सुनें। तय समय का निस्तारण करें। फ उधर अपनी समस्याओं न पड़े। निस्तारण के फरियादियों के मोबाइल की जाएगी। फर्जीवाड़ा ही निस्तारण करने कर्मचारियों के विरुद्ध एसपी अरविंद कुमार समाधान दिवस में आ

# 10 विवेचनाएं लंबित देख एएसपी ने जताई नाराजगी

**संसू, श्रावस्ती :** एएसपी बीसी दूबे ने शनिवार को नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने का निरीक्षण किया। विवेचकों के साथ अपराध समीक्षा की। इस दौरान 10 विवेचनाएं लंबित पाई गईं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

एएसपी ने वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लंबित प्रार्थना पत्रों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया। महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर तैनात महिला कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि थाने पर फरियाद लेकर आने वाली महिलाओं समस्याओं को सरलता पूर्वक सुना जाए।

# उर्वरक की चार दुकानें की गईं निलंबित

**संसू, श्रावस्ती :** उर्वरक की कालाबाजारी रोकने व अन्य प्रकार की अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए तहसीलवार गठित टीमों ने शनिवार को अभियान चलाकर छापेमारी की। तीनों तहसीलों में 22 दुकानों की जांच की गई। अनियमितता मिलने पर चार दुकानों का लाइसेंस निलंबित किया गया है। बंद मिलीं नौ दुकानों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। आठ दुकानों से जांच के लिए उर्वरक व बीज के नमूने लिए गए हैं। इकौना क्षेत्र में एसडीएम इकौना आरपी चौधरी के साथ जिला कृषि अधिकारी आरपी राना ने, भिनगा में एसडीएम राजेश मिश्र के साथ उपकृषि निदेशक कमल कटियार व जमुनहा क्षेत्र में एसडीएम प्रवेंद्र कुमार के साथ प्रभारी अपर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप नायक ने छापेमारी की। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बीज का एक नमूना जांच के लिए लिया गया है। किसानों को शासन की मंशा के अनुरूप उर्वरक मिलता रहे। इसके लिए छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

# फरियादियों की समस्याओं का जल्द करें निपटारा

## भिनगा में डीएम व एसपी तो इकौना में एएसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** वैश्विक महामारी कोरोना काल के बाद शनिवार को पहली बार जिले के थानों में समाधान दिवस / थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भिनगा कोतवाली में डीएम व एसपी तो इकौना में एएसपी ने आए फरियादियों की शिकायतों को सुना। साथ ही मौजूद मातहतों को एक सप्ताह के अंदर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया।

भिनगा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी टीके शिबु ने कहा कि समाधान दिवस में आए प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। साथ ही तय समय सीमा के अंदर उनका निराकरण भी किया जाए। जिससे फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच फरियादियों के मोबाइल पर बात करके की जाएगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि भूमि विवादों की शिकायतों को क्षेत्रवाइज सूचीबद्ध किया जाए। राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण करें।




भिनगा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी। संवाद

### कोरोना काल के बाद पहली बार आयोजित हुआ समाधान दिवस

समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया जाए। तथा मौके पर जाकर निस्तारण भी कराया जाए। यहां अपर जिलाधिकारी योगानंद पांडे, प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व फरियादी मौजूद रहे। वहीं इकौना में अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे, सोनवा में क्षेत्राधिकारी इकौना महेनाद्र पाल शर्मा, मल्हीपुर में क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद ने समस्या सुनी। जबकि गिलौला व सिरसिया में थाना प्रभारियों ने जन समस्याओं को सुना। इस दौरान जिले भर में कुल 62 मामले आए। जिनमें से सात मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# विवेचनाओं का शीघ्र न किया निस्तारण तो होगी कार्रवाई

**श्रावस्ती।** जिले के थानों में दर्ज मामलों की विवेचना समय पर निस्तारित नहीं हो रही है। जिससे पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। जबकि अपराधी प्रवृत्ति के लोग खुलेआम घूम कर पीड़ित व उनके परिवारीजनों को धमका रहे हैं। इसकी लगातार शिकायतें भी मिल रही हैं। फिर भी पुलिस अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने को तैयार नहीं है। इसका खुलासा लगातार हो रहा है। इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर अधिकारियों द्वारा सिर्फ चेतावनी देकर काम चलाया जा रहा है।

ऐसा ही कुछ शनिवार को नवीन मॉर्डन थाना श्रावस्ती में भी देखने को मिला। नवीन मॉर्डन थाने का शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे द्वारा अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अपराध समीक्षा भी की। थाने पहुंचे एएसपी ने यहां स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षियों से यहां आने वाली शिकायतों व उनके निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए सभी को यहां आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर व कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां रखे अभिलेखों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक की। समीक्षा के दौरान एएसपी को दस विवेचनाएं लंबित मिलीं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने विवेचकों से एक सप्ताह में विवेचना पूरी करने, सभी वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द करने का निर्देश दिया। इसमें लापरवाही बरतने वाले विवेचकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सहित सभी उप निरीक्षक, आरक्षी व प्रधान आरक्षी मौजूद रहे।

### मॉडर्न थाने के अर्द्धवार्षिक निरीक्षण में सख्त दिखे एएसपी



न्यू मॉडर्न थाने का निरीक्षण करते एएसपी। संवाद

# महाप्रबंधक व सहायक महाप्रबंधक ने कटरा एयरपोर्ट का लिया जायजा

## शेष कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का अभियंताओं को निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

कटरा (श्रावस्ती)। बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के कटरा में निर्माणाधीन एयरपोर्ट का जिलाधिकारी के साथ शनिवार को एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक व सहायक महाप्रबंधक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया। साथ ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से मानक के अनुरूप अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक व बिजली निगम के सहायक अभियंता को निर्देश दिया।



श्रावस्ती के कटरा में निर्माणाधीन एयरपोर्ट का जायजा लेते महाप्रबंधक व सहायक महाप्रबंधक साथ में डीएम व अन्य। -संवाद

कटरा में निर्माणाधीन एयरपोर्ट का जिलाधिकारी टीके शिबु के साथ एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक एपी गुप्ता एवं सहायक महाप्रबंधक मुकेश सक्सेना ने निरीक्षण कर कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। जहां गुणवत्तापूर्ण ढंग से अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक पंकज चोपड़ा व बिजली निगम के सहायक अभियंता निशांत अग्रवाल को निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता में कहीं भी कमी मिली तो निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि अधूरे कार्यों को पूरे गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं तथा कार्यों के प्रगति की निरंतर रिपोर्ट देते रहें। जिससे एयरपोर्ट का संचालन हो सके।

निरीक्षण के दौरान पता चला कि यहां पर बैगेज स्कैनिंग मशीन, पैसेंजर ट्राली, एटीसी काउंटर, चेकिंग काउंटर, थ्री सीटर चेयर आ गई है। पैसेंजर को देखने के लिए टीवी भी आ चुकी है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा चुके हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी योगानंद पांडे, उपजिलाधिकारी आरपी चौधरी, सहायक अभियंता सरोज कुमार सिंह, अवर अभियंता राजेन्द्र कुमार, जूनियर एअरक्राफ्ट मकैनिक सैलानी राम सहित कार्यदायी संस्था एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विवेचनाओं का शीघ्र न किया निस्तारण तो होगी कार्रवाई

**श्रावस्ती।** जिले के थानों में दर्ज मामलों की विवेचना समय पर निस्तारित नहीं हो रही है। जिससे पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। जबकि अपराधी प्रवृत्ति के लोग खुलेआम घूम कर पीड़ित व उनके परिवारीजनों को धमका रहे हैं। इसकी लगातार शिकायतें भी मिल रही हैं। फिर भी पुलिस अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने को तैयार नहीं है। इसका खुलासा लगातार हो रहा है। इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर अधिकारियों द्वारा सिर्फ चेतावनी देकर काम चलाया जा रहा है।

ऐसा ही कुछ शनिवार को नवीन मॉर्डन थाना श्रावस्ती में भी देखने को मिला। नवीन मॉर्डन थाने का शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे द्वारा अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अपराध समीक्षा भी की। थाने पहुंचे एएसपी ने यहां स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षियों से यहां आने वाली शिकायतों व उनके निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए सभी को यहां आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर व कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां रखे

## मॉडर्न थाने के अर्द्धवार्षिक निरीक्षण में सख्त दिखे एएसपी



न्यू मॉडर्न थाने का निरीक्षण करते एएसपी। -संवाद

अभिलेखों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक की। समीक्षा के दौरान एएसपी को दस विवेचनाएं लंबित मिलीं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने विवेचकों से एक सप्ताह में विवेचना पूरी करने, सभी वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द करने का निर्देश दिया। इसमें लापरवाही बरतने वाले विवेचकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सहित सभी उप निरीक्षक, आरक्षी व प्रधान आरक्षी मौजूद रहे।

# शांतिभंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं पुलिस ने शनिवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 160 वाहनों की जांच कर 97 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 1,00,300 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। वहीं पुलिस ने कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करने वाले 62 व्यक्तियों से 8,500 रुपये जुर्माना वसूल किया। (संवाद)

# बस चालकों व परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**श्रावस्ती।** पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के क्रम में शनिवार को जिले में संचालित प्रदूषण जांच केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही दहाना बस स्टैंड पर चालकों व परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।



इस दौरान यात्री कर अधिकारी रणबीर सिंह ने कहा कि यातायात नियम व संकेत का जानकारी होना सभी के लिए आवश्यक है। साथ ही साथ सभी को चाहिए कि वह इन नियमों व संकेतों का अक्षरशः अनुपालन भी करें। जिससे स्वयं तो सुरक्षित रहें ही। मार्ग दुर्घटनाओं को भी कम किया जा सके। आपकी जरा सी लापरवाही न सिर्फ आपके लिए घातक हो सकती है बल्कि दूसरों की जान जोखिम में डाल सकती है। यातायात प्रभारी रजनीश शुक्ला ने बस चालकों व परिचालकों सहित आम जन को यातायात नियमों व संकेतों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान लेखाकार सुरेंद्र कुमार ने भी चालकों को यातायात नियमों से संबंधित बारीकियां बताईं। (संवाद)

# 105 शीशी नेपाली शराब व नशीली दवा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी दद्दन सिंह शनिवार को हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण में निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि रामपुर जब्दी के ईदगाह के निकट एक युवक मौजूद है। जिसकी गतिविधियां संदिग्ध लग रही हैं। सूचना के बाद पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान मल्हीपुर के घुड़दौरिया निवासी पंकज कुमार जायसवाल के रूप में हुई। जिसके कब्जे से पुलिस ने 105 शीशी नेपाली शराब बरामद की। जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है। वहीं शुक्रवार रात प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर ने मुखबिर से सूचना पर उल्लहवा पुल के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 60 टैबलेट नशीली दवा बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर के मजरा भरथा निवासी श्रीचंद उर्फ छोटू के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। (संवाद)